भाद्रपद शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 131 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

26 अक्टूबर 2023 गुरुवार

आज का मौसम

32 अधिकतम

18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# 20 लाख करोड़ स्वाहा, शेयर बाजार में मचा कोहराम

## सेंसेक्स 700 अंक टूटा, निफ्टी भी 19 हजार से नीचे आया, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर का बुरा हाल

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।**

दुनिया के कई मुदर्दों के अलावा इजरायल और हमास की बीच जंग का भी असर बाजारो पर नजर आ रहा है। इसके असर से भारतीय शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है। लगातार छठे दिन स्टाक मार्केट आज गिरावट के साथ खुला और कुछ ही देर के कारोबार के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा टूट गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 200 अंक से ज्यादा फिसलकर 19,000 से नीचे पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि बीते छह दिनों से जारी इस गिरावट की वजह से निवेशकों की 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति स्वाहा हो गई है। आज सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन शेयर बाजार में बड़ी गिरावट चल रही है। सुबह सवा दस बजे ही सेंसेक्स 735.01 अक या 1.15 फीसदी की जोरदार गिरावट के साथ 63,314.05 के स्तर पर आ गया था। निफ्टी 230.10 अंक या 1.20 फीसदी फिसलकर 18,892 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। मार्केट में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर का बुरा हाल है, निफ्टी मिडकैप 100 में 1.88 फीसदी और स्मॉलकैप में 2.57 फीसदी की गिरावट देखने को मिल रही है।



### 20.14 लाख करोड़ रुपए डूबे

शेयर मार्केट में आई सुनामी के चलते शेयर मार्केट इन्वेस्टर्स की संपत्ति पर भी असर पड़ा है। बीते छह दिनों के भीतर ही निवेशकों ने अपने 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा गंवा दिए हैं। गुरुवार को आई शुरुआती गिरावट में ही निवेशकों की संपत्ति 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा घट गई। गौरतलब है कि बीते कारोबारी सत्र बुधवार को क्क्स्थ पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 309.22 लाख करोड़ रुपये था, जो आज सुबह तक 5.54 लाख करोड़ रुपये गिरकर 303.68 लाख करोड़ रुपये रह गया। वहीं बीते छह दिनों में निवेशकों के कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए हैं।

## छिंदवाड़ा में नाथ पर्चा दाखिल करने निकले, शिवराज बुधनी में कर रहे प्रचार

# दिग्गज घरों को संभालने-सहेजने में व्यस्त ईडी ने खंगाले कांग्रेस नेताओं के ठिकाने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेता आज अपने गृह जिलों में व्यस्त हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुधनी के कुछ इलाकों में लोगों से मुखातिब हैं वे यहां आधा दर्जन गांवों में सभा करेंगे और शाम को सलकनपुर पहुंचेंगे। हालांकि उन्होंने अभी नामांकन दाखिल नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज छिंदवाड़ा में नामांकन दाखिल कर दिया, वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने चुरहट में बिना किसी तामझाम के कुलदेवी पूजा के बाद सीधी पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। भोपाल में कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा सीट से पर्चा दाखिल किया। उधर राजस्थान में आज ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की चर्चा मप्र के सियासी गलियारों तक है। ईडी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निवास व अन्य ठिकानों पर छापे मारे हैं और सीएम अशोक गहलोत के पुत्र को भी तलब किया है।

### पर्चा दाखिल@भोपाल



पीसी शर्मा



विश्वास सारंग



कृष्णा गौर



रामेश्वर शर्मा

### शिवराज बोले- प्रतीक्षा खत्म होने वाली है...नाथ बोले- क्या भाजपा का मंदिर है अयोध्या में

आज अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर पर सीएम शिवराज व कमलनाथ के बयान चर्चा में हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में शिवराज ने आज कहा- 'वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने वाली है। राम मंदिर में आराध्य भगवान श्री रामलला का विराजमान होना, सनातन की शुभता, शुभत्व और मंगल का प्रतीक है; यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं भावनाओं का सम्मान है। वहीं कमलनाथ ने कहा कि 'राम मंदिर क्या भाजपा का मंदिर है, 'राम मंदिर पूरे देश का है, सनातनियों का है लेकिन भाजपा 'राम मंदिर को अपना मंदिर बतानें में जुटी है।'

### pcc चीफ पर छापा, गहलोत को नोटिस

**जयपुर एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले राजस्थान में ईडी सक्रिय हो गई है। इस बार ईडी के निशाने पर राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा व सीएम अशोक गहलोत आ गए हैं। राजस्थान में हुए पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम आज सुबह डोटासरा के घर छापेमारी की। ताजा जानकारी के मुताबिक यह रेड राजस्थान में हुए पेपर लीक को लेकर बताई जा रही है। पहले भी पेपर लीक मामले में डोटासरा पर आरोप लगाए गए थे। ईडी फिलहाल डोटासरा और उनके रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। ईडी की टीम डोटासरा के जयपुर के सरकारी आवास सहित सीकर स्थित निजी निवास पर भी पहुंची। वही गहलोत के बेटे वैभव को तलब किया गया है। वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम में कथित अनियमितताओं के मामले में पूछताछ के लिए 27 अक्टूबर को तलब किया गया है. सीएम गहलोत ने इस छापेमारी को लेकर एक्स पर पोस्ट किया कि ' 25 अक्टूबर को ही राजस्थान की महिलाओं के लिए कांग्रेस की गारंटियां लॉच की गई और 26 को गोविन्द सिंह डोटासरा के यहाँ श्वष्ठ की रेड, मेरे बेटे वैभव को हाजिर होने का समन।



### आज मान बुंदेलखंड में

आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मप्र में सभा करने पहुंच रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए बुंदेलखंड की तीन सीटों पर प्रचार करेंगे। इसके पहले भी वे विंध्य व ग्वालियर में सभा करने आ चुके हैं।



## यशपाल बना मसीहा, वर्ना बर्निंग ट्रेन में होती बड़ी जनहानि



### कोच में धुंआ उठते देख स्टेशन मास्टर को आगाह किया गेटमैन ने

**आगरा , एजेंसी।**

बीती रात पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन जब पंजाब के फरीदकोट से मध्यप्रदेश के सियोनी आ रही थी तभी आगरा से 10 किलोमीटर दूर भांडई स्टेशन के पास ट्रेन की दो जनरल बोगियों में चीख-पुकार के बाद ट्रेन को तुरंत रोका गया। आग लगने से दहशत में आये यात्री अंदर से बाहर निकलने लगे, कुछ यात्रियों ने तो खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। मगर इस हादसे को बड़ी जनहानि से रोकने में एक व्यंक्ति की खास भूमिका रही,जिसका नाम गैटमैन यशपाल बताया जा रहा है।

दरअसल फाटक 487 पर तैनात गेटमैन यशपाल सिंह ने ट्रेन से धुआं उठते देख लिया था। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन के दोनों डिब्बों की विद्युत सप्लाई काट दी। दोनों कोच को फिर ट्रेन से अलग कर दिया गया। अगर समय पर गेटमैन धुआं उठने की सूचना नहीं देता तो शायद कोई बड़ी अनहोनी हो जाती। उन दो बोगियों में 150 से ज्यादा यात्री सवार थे। सेना से रिटार्यड यशपाल सिंह रेलवे में गेटमैन हैं, उन्होंने बताया कि 3.35 मिनट पर पातालकोट ट्रेन भांडई स्टेशन पर पहुंची. उन्होंने ट्रेन के चौथे कोच से धुआं उठता देखा. यह जनरल बोगी थी लेकिन ट्रेन में मौजूद किसी भी यात्री को इस बात की भनक नहीं लगी कि वहां क्या हो रहा है।

## कार, खड़े ट्रक से टकराई तीन लोगों की मौत

**मैहर।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार के टकरा जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रीवा से जबलपुर जा रहे लोगों की कार कल रात्रि नादन थाना क्षेत्र के बरहिया गांव के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सांप को सीपीआर !

**नर्मदापुरम ।** एक पुलिस कांस्टेबल द्वारा एक सांप को मुंह से सांस देकर जान बचाने का हैरतअंगेज वीडियो सामने आया है। सेमरीहरचंद पुलिस चौकी में पदस्थ कांस्टेबल अतुल शर्मा ने कहा है कि सांप कीटनाशक मिला पानी पीने से बेहोश हो गया था। उन्हें मंगलवार शाम को सूचना मिली कि एक मकान में सांप घुस गया है लोगों ने सांप को बाहर निकालने के लिए कीटनाशक मिलाकर पानी पाइप में डाल दिया था। सांप को जब पाइप से बाहर निकाला गया तो वह बेहोशी की हालत में था।



## अमेरिका : गोलीबारी में मरने वालों की संख्या 22 हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मेन के लेविस्टन में हुई गोलीबारी की घटनाओं में मरने वालों की सं या बढ़कर 22 हो गई है। फॉक्स न्यूज ने एक सूत्र के हवाले से यह खबर दी है। रिपोर्ट में बुधवार देर रात कहा गया कि संदिग्ध हिरासत में हो सकता है। मेन राज्य पुलिस गोलीबारी की जांच कर रही है और फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) स्थानीय कानून प्रवर्तन बलों का समर्थन कर रही है।

# इजराइल ने कदम खींचे, गाज़ा पर जमीनी हमला नहीं करेगा

**तेल अवीव , एजेंसी।**

इजरायल ने गाजा पट्टी में जमीनी हमले को फिलहाल टाल दिया है। अमेरिका के कहने पर इजरायल ने अभी गाजा में जमीनी सैन्य अभियान शुरू ना करने का फैसला लिया है। हमले को टालने के पीछे अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए क्षेत्र में मिसाइल एयर डिफेंस मजबूत करना बताया जा रहा है क्योंकि अमेरिका को शंका है कि उसके सैनिकों पर हमास हमला कर सकता है।बताया जाता है कि अमेरिका अपने सैनिक बलों को मिसाइलों और रॉकेटों से बचाने के लिए क्षेत्र में एक दर्जन एयर डिफेंस सिस्टम तैनात करने जा रहा है। इराक, जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब, सीरिया और संयुक्त अरब अमीरात में तैनात अमेरिकी सैनिकों के लिए ये डिफेंस सिस्टम तैनात किया जाएगा। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने इजरायलियों को हमास के शासन को समाप्त करने के लिए गाजा में टैंक और पैदल सैनिकों को भेजने से तब तक रुकने के लिए कहा है, जब तक कि वह एयर डिफेंस सिस्टम को क्षेत्र में मजबूती से स्थापित ना कर दे। वह बिना वायु-रक्षा प्रणाली की तैनाती के वह क्षेत्र में जमीनी जंग नहीं चाहता है।



### चाइल्ड सेक्स कांटेट का मामला

# सरकार नाराज, निशाने पर सोशल मीडिया के दिग्गज

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

केंद्र सरकार आईटी अधिनियम के तहत सोशल मीडिया दिग्गजों को मिलने वाली छूट की बारीकी से समीक्षा कर रही है।वजह है, इन प्लेटफॉर्म्स की तरफ से चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज मैटिरियल, गलत सूचना और धार्मिक उकसावे वाली सामग्री हटाने से इनकार करना और एल्गोरिदम मिसमैनेजमेंट। इससे यूजर को भारी नुकसान पहुंचता है।

केंद्रीय आईटी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सरकार सूचना प्रौद्योगिकी इंटरमीडरी गाइडलाइन्स के प्रावधानों को लागू करने की योजना बना रही है। यह फेसबुक, एक्स (पहले ट्विटर), इंस्टाग्राम, यूट्यूब और गूगल को भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दंड के लिए आपराधिक रूप से उत्तरदायी बनाएगी। बाल शोषण से संबंधित सामग्री पर आधिकारिक नोटिस का पालन करने से इनकार और तीसरे पक्ष की सामग्री के प्रसारण पर कानून की धारा 79 के तहत गारंटीकृत 'सेफ हार्बर' के पीछे शरण लेने के लिए सरकार कुछ प्लेटफार्मों से सख्त नाराज है। मंत्रालय ने कहा है आईटी इंटरमीडरी गाइडलाइन्स के तहत विशेष रूप से उन प्लेटफार्मों से छूट को खत्म की जाएगी जो आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहते हैं। गौरतलब है कि यह कदम ऐसे समय में आया है जब कई अमेरिकी राज्य बच्चों को एडिक्ट बनाकर 'यूथ मेंटल हेल्थ क्राइसिस' को बढ़ाने के लिए मेटा प्लेटफॉर्म और इसकी इंस्टाग्राम यूनिट पर मुकदमा कर रहे हैं। कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सहित 33 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि मेटा, जो फेसबुक भी संचालित करता है, ने बार-बार अपने प्लेटफार्मों के खतरों के बारे में जनता को गुमराह किया। उसने जानबूझकर युवाओं को प्रेरित किया।

**मेट्रो एंकर**

## अगले महीने फिर होंगे रोजमर्रा की जिंदगी से जुडे नियमों में बदलाव

# नवंबर में फिर नियमों की नई किताब...

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नियमों के बदलने का सिलसिला कुछ ऐसा चल रहा है कि हर व्यक्ति को हर महीने नये सिरे से अपने जीवन से जुड़े रोजमर्रा के कामकाज में नियमों की नई किताब जोड़नी पड रही है। मसलन अभी अक्टूबर का महीना खत्म होने में 5 दिन बाकी हैं,फिर नवंबर महीने की शुरुआत हो जाएगी, इसीके साथ देश में हर महीने की पहली तारीख को होने वाले बदलाव में कुछ नये जुड जाएंगे। आमतौर पर बदलाव सीधे आम आदमी की जेब से जुड़े होते हैं। नवंबर में होने वाले इन बदलावों में जीएसटी से लेकर लैपटॉप इंपोर्ट तक कई बदलाव शामिल हैं।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र यानी एनआईसी के मुताबिक, सौ करोड़ रुपये या उससे ज्यादा के कारोबार वाले बिजनस को एक नवंबर से 30 दिनों के अंदर ई चालाना पोर्टल पर जीएसटी चालान अपलोड करना होगा। जीएसटी अथॉरिटी ने ये फैसला सितंबर में लिया था। इसी तरह सरकार ने 30 अक्टूबर तक एचएसएन 8741 कैटेगरी के तहत आने वाले लैपटॉप टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक चीजों के इंपोर्ट पर छूट दी थी। हालांकि एक नवंबर से क्या होगा इसके बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि यह छूट फेस्टिव सीजन के चलते बढ भी सकती है और खत्म भी हो सकती है।




### गैस सिलेंडर का क्या होगा ?

*एलपीजी सिलेंडर के दाम हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव की संभावना रहती है, क्योंकि हर महीने की पहली तारीख को इनकी समीक्षा होती है। ऐसे में इनमें बढ़ोतरी भी हो सकती है और कटौती भी। साथ ही ऐसा भी हो सकता है कि कीमतों में कोई बदलाव न किया जाए यानी मौजूदा रेट बरकरार रखा जाए। हालांकि अब तक यह भी देखा गया है कि चुनाव के आसपास पेट्रोल व सिलेंडरों के दामो में कमी भी आती रही है, नवंबर में पांच राज्यों के लिये मतदान होना है। हालांकि सरकार सौ रूपये के करीब की छूट महीनेभर पहले दे चुकी है।*

### लेनदेन शुल्क बढेगा

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई ने बीते 20 अक्टूबर को ऐलान किया था कि वह 1 नवंबर से इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट पर लेनदेन शुल्क बढ़ाएगा। ये बदलाव एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स ऑप्शंस पर लगाए जाएंगे। लेनदेन की लागत बढ़ाने से व्यापारियों इसमें भी विशेषकर खुदरा निवेशकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

# कलह की वजह : बच्चे का इलाज-अच्छे स्कूल में पढ़ाई, नौबत तलाक तक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अपने बच्चों के भविष्य के लिए माता-पिता हर मुसीबत से लड़ जाते हैं, लेकिन कई बार इस दौरान दंपति के बीच ही विवाद की स्थिति भी बन जाती है। ऐसे में कई मामले इन दिनों राजधानी में सामने आ रहे हैं। जहां बच्चों के इलाज और अच्छे स्कूल में पढ़ाई कराने की बात को लेकर दंपति के बीच कलह की स्थिति बनी है और नौबत तलाक तक पहुंच गई है। ऐसे में दंपति निजी काउंसलर की मदद ले रहे हैं। कुछ में मामलों में काउंसलिंग के बाद दंपति की बीच सुलह हुई है, तो वहीं कुछ न्यायालय तक पहुंचे हैं।

**निजी काउंसलर की सलाह ले रहे पति-पत्नी, कुछ मामलों में हुई सुलह तो कुछ पहुंच कोर्ट**

## बेटी को थैलेसीमिया, पति ने बनाई दूरी

शाहपुरा क्षेत्र निवासी दंपति की शादी को करीब 5 साल हो गए हैं। मामले में शादी के तीन साल बाद दंपति के यहां बेटी का जन्म हुआ, लेकिन विवाद तब शुरू हुआत जब यह पता चला कि बच्ची थैलेसीमिया पीड़ित थी। इसके बाद पति, परिवार से दूरी बनाने लगा और हर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। विवाद बढ़ने लगा तो पत्नी, बेटी को लेकर मायके आ गई और भरण-पोषण का केस लगाया। बदले में पति ने भरण-पोषण देने से इंकार करते हुए तलाक की मांग की थी। हालांकि हाल ही में हुई लोक अदालत के दौरान न्यायालय की समझाइश के बाद दंपति में सुलह हुई है।

## मंहगे स्कूल में नहीं पढ़ा सकता पति, रूठकर मायके चली गई पत्नी

*करोंद क्षेत्र स्थित एक दंपति की शादी को करीब 10 साल हो गए हैं। मामले में पत्नी का कहना है कि वह चाहती है कि बेटा अच्छे स्कूल में पढ़े, लेकिन पति बेटे को सरकारी स्कूल में पढ़ाना चाहता है, ताकि पैसे खर्च न हों। वहीं पति का कहना है किवह अपनी कमाई के हिसाब से खर्च करना चाहता है। बेटे को 1 लाख रूपए फीस देकर पढ़ाई कराने की गुजाइंश नहीं हैं, लेकिन पत्नी जिद किए हुए है और एक साल से बेटे को लेकर मायके में बैठी हुई है। मामले में पत्नी को पति को सझाइश देने के लिए निजी काउंसलर्स से मदद मांगी है। इसके साथ ही पत्नी ने कहा है कि अगर पति बात नहीं मानेगा तो वह तलाक देकर अपने खर्चे से अपने 6 साल के बेटे की परवरिश करेगी। मामले में दपंति की काउंसलिंग की जा रही है।*

## शहर में बेकाबू हो रहा डेंगू, मलेरिया विभाग और निगम का अमला कागजी कार्यवाही तक सिमटा

**लार्वा नष्ट करने का दावा**

# डेंगू संदिग्ध की मौत खड़े कर रही सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मलेरिया विभाग और निगम की टीम संयुक्त रूप से डेंगू के लार्वा नष्ट करने का दावा कर रही है जिनकी पोल खुल रही है। बुधवार को शहर के एक निजी अस्पताल में एक डेंगू संदिग्ध की मौत हुई है। इसके पहले बाबा नगर में एक डेंगू पाजीटिव महिला ने दम तोड़ा था।

हाल यह है कि शहर में बीते 10 दिनों में डेंगू के करीब 50 मरीज मिल चुके हैं। इस तरह सीजन में अब तक 550 डेंगू मरीज मिल चुके हैं। ये तो वे मरीज है जो जांच करवा रहे हैं लेकिन कई ऐसे भी मरीज है जो निजी अस्पतालों में केवल इलाज करवा रहे है। जिस तेजी से मरीज मिल रहे हैं, उससे डेंगू के फैलाव का अंदाजा लगाया जा सकता है।

टीमों का दावा है कि अब तक करीब 20,000 घरों में लार्वा मिल चुका है। इनमें से करीब 900 घरों में एक से अधिक बार लार्वा मिल चुके हैं।

विभाग का दावा है कि इस सीजन में अब तक पौने 4 लाख से ज्यादा घरों में डेंगू लार्वा सर्वे किया जा चुका है। इनमें 20 हजार से ज्यादा घर ऐसे हैं, जहां डेंगू का लावां पाया गया है। सर्वे के लिए 40 टीम लगी हुई हैं। हर एक टीम में तीन से चार सदस्य हैं, जो घर घर जाकर लार्वा सर्वे कर रही हैं। जिन घरों में लावां पाया जा रहा है उसे तत्काल मौके पर नष्ट किया जाता है। इसके अलावा जिन घरों में दो से अधिक बार डेंगू लार्वा पाया गया है, वहां जुर्माने की कार्यवाही भी कर रहे हैं।

### निगम का यह भी दावा



- जिन क्षेत्रों में डेंगू पाजीटिव मिल रहे हैं उन क्षेत्रों में एक सप्ताह तक लगातार फागिंग कराई जा रही है।
- जलभराव वाले क्षेत्रों में गैंबुसिया मछली छोड़ी जा रही है।
- 30 घरों पर 38 सौ रूपए की चालानी कार्रवाई की है।

### डेंगू के हॉट स्पाट क्षेत्र

- शहर के साकेत नगर, गांधी मेडिकल कालेज के आसपास के क्षेत्र, शहीद नगर, ईदगाह हिल्स, पिपलिया पैद खां, अशोक गार्डन, कटारा हिल्स, बैरागढ़, लालघाटी, बरखेड़ा क्षेत्रों में डेंगू के मरीज अधिक मिल रहे हैं।

### किस महीने कितने मरीज




### आज भी जारी रहा झांकियों का विसर्जन







कमला पति घाट





खटलापुरा घाट

## होंठ के कैंसर से परेशान थी महिला, एम्स के डॉक्टरों ने दिलाई निजात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

होंठ के कैंसर से परेशान एक महिला ने भोजन करना छोड़ दिया था। वह पानी भी ठीक से नहीं पी पा रही थी। महिला ने पहले तो आसपास के कुछ अस्पतालों में दिखाया लेकिन जब समस्या से राहत नहीं मिली तो वह एम्स भोपाल पहुंची। यहां डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि यह तो कैंसर है। जिसके बाद महिला और परिजन परेशान हो गए लेकिन एम्स ने इस परेशानी का हल भी कैंसर को खत्म कर निकाल दिया है।

महिला दमोह की रहने वाली है। एम्स भोपाल के रेडियोथेरेपी विभाग के डॉक्टरों ने परीक्षण कर सबसे पहले ब्रैकीथेरेपी करने का फैसला किया था। डॉ. विपिन खराड़े, प्रो. डॉ. मनीष गुप्ता और डा सैकत दास ने महिला का इला किया, जो एक सप्ताह तक चला। अब महिला ठीक है। वह बीते एक वर्ष से परेशान थी। डॉक्टरों के मुताबिक ब्रैकीथेरेपी में नैचुरली मिलने वाले रेडिएशंस को सीधे कैंसर की जगह पर डाला जाता है। रेडिएम के तारों को ट्यूब के माध्यम से शरीर के अंदर डाला जाता है। इनसे निकलने वाले रेडिएशंस सीधे ट्यूमर पर पड़ते हैं। इससे शरीर के दूसरे अंगों को नुकसान नहीं होता। 2 से 3 दिनों के बाद ट्यूब को शरीर से बाहर निकाल लिया जाता है।

## चंद्रयान-3 महा क्विज में शामिल होंगे प्रदेश के कालेज विद्यार्थी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चंद्रयान-3 के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक प्रतियोगिता कराई जा रही है। इससे विद्यार्थी चंद्रयान-3 लांचिंग के प्रति अधिक से अधिक जानकारी ग्रहण करेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षा विभाग को सभी विश्वविद्यालय और कालेजों के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में शामिल करने का आदेश जारी किया है। विभाग ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आज गुरुवार और शुक्रवार को चन्द्रयान-3 महा क्विज प्रतियोगिता का आनलाइन आयोजन किया जा रहा है। सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव एवं कालेजों के प्राचार्य अपनी संस्थाओं के शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को इस आनलाइन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सूचित एवं प्रोत्साहित करें। प्रतियोगिता के चयनित विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## गोविंदपुरा चुनाव प्रभारी बने वासवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व आवास संघ अध्यक्ष सुशील वासवानी को विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने गोविन्दपुरा विधानसभा प्रभारी बनाया है। इसके पूर्व कई बाद वासवानी चुनाव प्रभारी रहे हैं। बता दे वासवानी पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के भी कई बार चुनाव प्रभारी रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराई है। गोविंदपुरा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी कृष्णा गौर के चुनाव का नेतृत्व करेंगे। प्रभारी बनाए जाने पर संतनगर के मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, बसंत चेलानी, नरेन्द्र लालवानी, रामचन्द्र सबनानी, नारायणदास सबनानी, संजय प्रेमचंदानी, ओम असनानी, शंकर मेघानी, विष्णु गेहानी, गुरूदास रामचंदानी, नरेश वासवानी, चन्दू इसरानी एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, शंकरलाल आसूदानी, मनोज जनियारी, सुरेश राजपाल, शीला शामनानी, श्रीमती किरन वाधवानी, प्रकाश आसूदानी, धर्मप्रकाश मोटवानी, मनोहर वासवानी ने बधाई दी एवं प्रदेश संगठन का आभार माना।

## निरंकारी संत समागम में हिस्सा लेने बैरागढ़ से जाएगा जत्था

**हिरदाराम नगर।** हरियाणा के समालखा में होने वाले 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम बैरागढ़ से सैकड़ों निरंकारी अनुयायी भाग लेने जाएंगे। समागम 28, 29 एवं 30 अक्टूबर, 2023 को आयोजित किया गया है। संतनगर से निरंकारी जत्था 26 अक्टूबर को रवाना होगा। संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महेश वीधानी ने बताया कि बैरागढ़ भोपाल की साध संगत के लिए समागम स्थल के ग्राउंड सी में टेन्ट नंबर 379 और 380 में रूकने की व्यवस्थाएं की गई है। समागम में दुनियाभर से निरंकारी जत्था समागम में पहुंचेंगे।

**मनवानी का जन्म दिन पर स्वागत:** पूज्य सिंधी पंचायत ने फैसला बोर्ड के संयोजक राज मनवानी का जन्मदिन मनाया। पंचायत पदाधिकारियों ने शाल व फूल मालाओ सें स्वागत कर बधाई दी। स्वागत करने वालों में अध्यक्ष साबू रीझवानी, पार्षद अशोक मारन, माधु चांदवानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

**मेट्रो एंकर** प्राकृतिक चिकित्सा 10 दिनी आवासीय शिविर शुरू

# साधक सीख रहे स्वस्थ रहने की कला



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के कई राज्यों से साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से स्वस्थ रहने की कला सीखने आए हैं।

शिविर के प्रथम दिन पंजीयन एवं प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने शिविर का उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना सम्भव है, शिविर में शरीर का शुद्धिकरण सिखाया जाएगा। खान-पान दिनचर्या में स्वानुशासन स्वस्थ रहने की गारंटी है। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों के अलग-अलग विषयों पर सुबह-शाम व्याख्यान सत्र होंगे, जो शंकाओं का समाधान भी करेंगे।

## बजरंग सेना समिति का भजन कार्यक्रम आज

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति 26 अक्टूबर को भजन कार्यक्रम का आयोजन करेगी। गुरूवार रात आठ बजे से वृद्धाश्रम के सामने कार्यक्रम होगा, जिसमें श्याम ताली कीर्तन द्वारा राम श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के कमलेश देवानी और हरीश देवानी ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने नरसिंहपुर व होशंगाबाद में कई रोड शो किये,


मंत्री गोपाल भार्गव ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव का रंग होता जा रहा गाढ़ा

# टिकट घमासान के बीच अब प्रचार के लिए मैदान पकड़ा दिग्गजों ने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव का रंग गाढ़ा होता जा रहा है। अब भाजपा व कांग्रेस उम्मीदवारों का नामांकन का सिलसिला भी तेज हो रहा है। वहीं दोनों तरफ से दिग्गज नेताओं ने प्रचार के लिये सघन दौरे कार्यक्रम तैयार कर लिये हैं। शिवराज रोज तीन चार स्थानों पर पहुंच रहे हैं। आज वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज छिंदवाडा से नामांकन दाखिल कर रहे हैं। वहीं अजय सिंह कल नामांकन भरेंगे। इधर भाजपा के कई मंत्रियों ने भी नामांकन दाखिल कर दिया है।**

आज भाजपा का शीर्ष नेतृत्व विभिन्न जिलों के प्रवास पर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर राजगढ़ व हरदा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा भिण्ड, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक सागर, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सागर व रायसेन, केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भोपाल व राजगढ़ और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सतना व सिंगरौली जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री 11 बजे बुधनी विधानसभा के


दतिया में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जनसंपर्क किया।

बकतरा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए। चौहान शाम 6 बजे बुधनी के आसपास के गांवों में सभा, रात 8 बजे ग्राम बायन में रथ सभा और रात 9 बजे सलकनपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### चुरहट में सभा

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह आज सीधी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कर रहे हैं। सिंह अपने निज निवास शिवराजपुर सांडा से कांग्रेसजनों के साथ स्वर्गीय कुंवर अर्जुन सिंह के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने व चुरहट में कुलदेवी झदवा माता के दर्शन के बाद बिना किसी ताम-झाम के साधारण तरीके से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद वे अपने चुनावी अभियान के शुरूआत में हनुमानग? और झाला में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा संवाद प्रमुख के खिलाफ क्राइम ब्रांच में शिकायत



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले और मीडिया चीफ केके मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय जनता पार्टी के संवाद प्रमुख आशीष अग्रवाल द्वारा धार्मिक उन्माद एवं सूचना तथा प्रौद्योगिकी अधिनियम के उल्लंघन को लेकर भादवि की धारा -188, 295, 499, 500 एवं 505 के तहत एफ आई दर्ज कराने भोपाल जिले के क्राईम ब्रांच थाने में आवेदन सौंपा। मिश्रा ने बताया कि अग्रवाल ने अपने अधिकृत हेण्डल से 24 अक्टूबर को एक ट्वीट के माध्यम से कमलनाथ के विरूद्ध उनका अपमान करने, चुनावी दृष्टि से शांत प्रदेश में धार्मिक उन्माद फैलाने एवं सूचना एवं प्रोद्यौगिकी अधिनियम का उलंघन करते हुए अपने अधिकृत ट्वीटर हेण्डल पर लिखा है कि घोटालों के रावण का दहन, इस दशहरे पर करेंगे सनातनी! कांग्रेस ने कहा कि अग्रवाल का यह कृत्य एक गंभीर किस्म का अपराध है। लिहाजा, उनके विरूद्ध उक्त वर्णित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें कानून से शासित किया जाये।

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक साल पहले शुरू की एप हाजिरी व्यवस्था ठप

### 99,145 सरकारी स्कूलों में से मात्र 8,076 लगा रहे ऑनलाइन हाजिरी, लापरवाही का आलम ऐसा कि पोर्टल भी नहीं होता अपडेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग के डिजिटल होने के दावे स्कूलों में फेल होते नजर आ रहे हैं। हालात यह हैं कि विभाग द्वारा प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक साल पहले शुरू की गई एप हाजिरी व्यवस्था पर ही अमल नहीं करा सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज संख्या के अनुसार, प्रदेश में 99,145 सरकारी स्कूलों में से मात्र 8,076 स्कूलों द्वारा एप के माध्यम से हाजिरी लगाई जा रही है। जबकि 91,069 स्कूल इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7 अक्टूबर 2022 को ऑनलाइन एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने व्यवस्था लागू करने के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी किए गए थे। जारी आदेश में कहा गया था कि शैक्षणिक गुणवत्ता में उपलब्धि के लिए यह आवश्यक है कि बच्चे शाला में नियमित रूप से उपस्थित हो। इसलिए विभाग द्वारा एक ऐसा तंत्र विकसित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर दैनिक मॉनिटरिंग की जा सके। जिसके इस व्यवस्था के अनुसार नियमित रूप से सभी स्कूलों में विद्यार्थियों व शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी है, लेकिन व्यवस्था लागू होने के करीब एक साल बाद भी स्कूलों द्वारा इसका पालन ही नहीं किया जा रहा है।



### ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम नाम दिया

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस व्यवस्था को ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम नाम दिया गया था। इसके लिए मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। विभाग द्वारा बकायदा शिक्षकों को लेपटॉप भी दिए गए हैं। एम शिक्षा मित्र एप को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर हाजरी मॉड्यूल के माध्यम से स्कूल के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक व संस्था प्रभारी विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सामन्यत: मोबाइल नेटवर्क की समस्या होती है। ऐसे में इस एप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह ऑफलाइन भी उपयोग किया जा सकता है। यूजर नेटवर्क एरिया में आने पर डेटा स्वत: अपलोड हो जाएगा। खास बात यह भी है कि शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति शाला प्रारंभ होने के एक घंटे के अंदर दर्ज की जा सकेगी, लेकिन यह व्यवस्था फेल होती दिखाई दे रही है।

**अधिकारी भूले, नहीं हो रही मॉनिटरिंग:** इस व्यवस्था को लागू करने के साथ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य, जिला व विकासखंड स्तर पर इसकी दैनिक मॉनिटरिंग की बात कही थी, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते न तो इसकी मॉनिटरिंग हो रही है और न ही स्कूल स्तर पर इसका पालन।

## नामांकन के लिए बीयू ने दिया 31 अक्टूबर तक का समय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) से संबंद्ध कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले यूजी-पीजी के विद्यार्थियों को 31 अक्टूबर तक नामांकन कराना होगा। बीयू ने कॉलेज प्राचार्यो को निर्देश दिए हैं कि वे नामांकन से पहले छात्र-छात्राओं के पात्रता, माईग्रेशन एवं अन्य दस्तावेजों को ठीक से चेक करें। ताकि नामांकन में कोई गड़बड़ी न हो। वहीं ऐसे छात्र जिन्होंने कॉलेज या संकाय बदला है उनके नामांकन के लिए फॉर्म कॉलेज से ही भरे जाएं।

## अनियमित कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ते की मांग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के डेढ़ लाख अनियमित कर्मचारी लंबे समय से महंगाई भत्ते के लाभ से वंचित है जबकि भीषण महंगाई अनियमित कर्मचारियों के ऊपर भी अपना प्रभाव नियमित कर्मचारियों के समान ही दिखा रही है। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग कीी है कि प्रदेश की डेढ़ लाख अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों को भी नियमित कर्मचारियों की समान ही 1 जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाए। प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया 28000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 23000 पंचायत चौकीदार 50000 अंशकालीन कर्मचारी 50000 वन सुरक्षा चौकीदार 1700 पार्ट टाइम सुरक्षाक अल्प वेतन में अपनी सेवा शासन की विभिन्न विभागों में दे रहे हैं अल्प वेतन मिलने के कारण भीषण महंगाई में अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों को परिवार पालना मुश्किल हो रहा है।

## अंकसूची नहीं मिलने पर परीक्षा से वंचित हो सकते हैं विद्यार्थी




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस साल राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) ने बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा आयोजित कराई थी। विभाग ने इस बार मूल्यांकन से लेकर अंक प्रविष्टि तक के हर कार्य को ऑनलाइन करवाया है। इसके बावजूद हजारों विद्यार्थियों को अब तक अंकसूची नहीं मिल सकी है। गौरतलब है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल होने वाले कई विद्यार्थियों को रिजल्ट के पांच माह बाद भी अंकसूची नहीं मिली है। हालांकि ऑनलाइन अंकसूची के आधार पर इन विद्यार्थियों ने अगली कक्षा में एडमिशन ले लिया है, लेकिन जिन विद्यार्थियों ने स्कूल बदला है। वह स्कूल अब इन छात्रों पर ओरिजनल अंकसूची जमा करने का दबाव बना रहे हैं। अंकसूची जमा न करने पर परीक्षा में शामिल न करने की बात भी कही जा रही है।

### भोपाल की सात विधानसभा सीटों का हाल

## भाजपा और कांग्रेस के 14 प्रत्याशियों ने नामांकन भरना तो दूर, अभी खरीदा भी नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का आखिरी समय करीब आ रहा है। प्रत्याशियों के लिए अब नामांकन भरने के लिए सिर्फ तीन दिन का समय है।

अब तक जिले की सात विधानसभा सीट में से भाजपा-कांग्रेस के 14 प्रत्याशियों ने नामांकन भरना तो दूर,अभी खरीदा भी नहीं है। अभी भी इन्हें शुभ मुहूर्त का इंतजार है। वहीं, जिले से बुधवार तक पांच प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया है। इनमें आम आदमी पार्टी से रईसा मलिक और पत्नी को पार्षद की सीढ़ियों तक पहुंचाने वाले बाबू मस्तान भी शामिल है। वे निर्दलीय चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं।

चर्चित उत्तर सीट से कांग्रेस ने आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील को मैदान में उतारा है, जिसके बाद से उनके चाचा आमिर तमतमाए हुए हैं। उन्होंने इसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन ले लिया है । जिला की सातों विधानसभा सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही है। दोनों ही पार्टियों ने प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। बस नामांकन दाखिले का इंतजार है। इसके पीछे शुभ मुहूर्त तो वजह है ही, इसके अलावा भी कई राजनीतिक कारण बताए जा रहे हैं। हालांकि नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर तक चलेगी, लेकिन इस बीच दो दिन अवकाश रहेगा, इस तरह तीन दिन में ही नामांकन और भरना होगा, जबकि दो नवंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। छह नामांकनों में से पांच अकेले बुधवार को जमा हुए हैं। इनमें भी एक प्रत्याशी ने दो बार नामांकन जमा किए हैं। इस तरह अभी तक कुल पांच प्रत्याशियों ने ही नामांकन जमा किए हैं।






**मेट्रो एंकर** | कॉलेजों की खाली सीटों को भरने फिर शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

# कल से इंजीनियरिंग व आर्किटेक्चर की काउंसलिंग होगी शुरू, 31 तक चलेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के कॉलेजों की खाली सीटों को भरने के लिए एक बार फिर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया 27 अक्टूबर से शुरू होगी। नए शेड्यूल के अनुसार 27 से 30 अक्टूबर तक इंजीनियरिंग और 27 से 31 तक आर्किटेक्चर की काउंसलिंग की जाएगी।**

एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव को आदेश देते हुए कहा है कि वे 31 अक्टूबर तक प्रवेश करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि डीटीई द्वारा हाल ही में चलाए गए चार दिन के अतिरिक्त सीएलसी राउंड में इंजीनियरिंग में मात्र 710 एडमिशन हुए हैं। अभी तक इंजीनियरिंग की सभी ब्रांचों में अब तक 40,424 एडमिशन हुए हैं। करीब 29 हजार से अधिक सीटें खाली रह गई हैं।



### दो दर्जन डिप्लोमा और यूजी-पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश

प्रदेश में संचालित दो दर्जन डिप्लोमा और यूजी-पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश होंगे। इसके चलते प्रदेश में नये कालेजों ने आमद दर्ज करा दी है, जिससे खाली सीटों का ग्राफ बढ़ गया है। एआईसीटीई ने प्रदेश में कई कालेजों को नये कोर्स संचालित करने के लिए कालेजों को मंजूरी दी है। इसमें इंजीनियरिंग, एमबीए, फार्मेसी, पॉलीटेक्निक शामिल हैं।

**सुविचार**

'' जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनों ही अमूल्य हैं।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# रिश्तों में उतार-चढ़ाव

भारत और कनाड़ा के संबंध बिगड तो चुके ही हैं लेकिन कभी उम्मीद जागतीं है कि यह सुधर रहे हैं, फिर कुछ ऐसा हो जाता है कि लगता है कि यह और खराब होने लगे हैं। पिछले दो महीने से चल रहा रिश्तो का उतार-चढ़ाव दुनिया की नजरों में हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर के ताजा बयान से अगर कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में हाल के दिनों में आई गरमी के कुछ कम होने के संकेत मिल रहे थे कि इस बीच कनाडा में दशहरे पर खालिस्तान समर्थकों के आंदोलन और भारतीयों के पुतले दहन ने मामला बिगाड़ दिया। इसीलिये रिश्ते सुधारने की पहलों के बीच यह याद रखना भी जरूरी है कि जिन वजहों से रिश्तों में तनाव आया, वे अभी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। विदेश मंत्री का ताजा बयान कनाडियाइयों को वीजा जारी करने से जुड़ा है। विवाद का दूसरा और ज्यादा गंभीर पहलू भारत में कनाडा की राजनयिक मौजूदगी को संतुलित किए जाने का है, जिसके तहत उससे अपने राजनयिकों की संख्या कम करने को कहा गया था। भारत के कहे मुताबिक, कनाडा ने अपने 41 राजनयिक वापस बुला भी लिए, लेकिन ऐसा करते हुए भारत पर वियना कन्वेंशन के उल्लंघन का आरोप लगा दिया। अमेरिका और ब्रिटेन ने भी इस मामले में कनाडा के रुख का समर्थन किया है। भारत हालांकि कनाडा के इस आरोप को खारिज करते हुए कह चुका है कि डिप्लोमैटिक पैरिटी यानी राजनयिकों की मौजूदगी में समरूपता वियना कन्वेंशन के बिलकुल अनुरूप है। बहरहाल, अपने रुख पर अडिग रहते हुए भी भारत इस बात का खयाल रख रहा है कि उसके मित्र देशों में किसी तरह की गलतफहमी न पनपे। यही वजह है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने उन कारणों की ओर भी इशारा किया, जो भारत को इस कड़े रुख की ओर ले गए। अगर किसी देश के राजनयिक मेजबान देश के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी करते पाए जाएंगे तो कोई भी स्वतंत्र और संप्रभु देश इसे कैसे बर्दाश्त कर सकता है। ध्यान रहे, भारत ने इन बातों की तरफ अभी सिर्फ संकेत किया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरह सार्वजनिक बयानबाजी का वह रास्ता नहीं चुना, जो दोनों देशों के बीच संबंधों में आई अभूतपूर्व गिरावट की सबसे बड़ी वजह बन गया है। हालांकि किसी के मन में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि भारत की असली दिक्कत कनाडा की घरेलू राजनीति के उस हिस्से से है, जो खालिस्तानियों को खुला समर्थन अपनी नीति बना चुका है। उसकी वजह से वहां जिस तरह का माहौल बन रहा है और ट्रूडो सरकार उसे लेकर जिस तरह का ढीला-ढाला रवैया अपनाए हुए है, सारी समस्याएं उससे पैदा हो रही है। जब तक यह स्थिति नहीं बदलती तब तक संबंधों के समीकरणों में ठोस बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। लेकिन यह बात भी सही है कि वीजा जारी होने की प्रक्रिया बाधित होने का नुकसान आम लोगों को झेलना पड़ता है। इसलिए अगर राजनयिकों की सुरक्षा स्थिति बेहतर होती है तो यह सुविधा जल्द से जल्द बहाल होनी ही चाहिए। दोनों देशों की सरकारें अगर मौजूदा मतभेदों के बीच भी आम लोगों से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं की बहाली पर ध्यान दें तो यह एक अच्छा कदम होगा। भारत के लोगों और कनाड़ा के बीच के रिश्ते काफी बरसों से बहुत करीब रहे हैं,लेकिन खालिस्तान समर्थकों का सिर उठाना भारत की आंतरिक् सुरक्षा को भी नुकसान पहुंचाने का संकेत है,इसीलिये कनाडा की ट्रूडो सरकार का रूख अजब है। अब वहां चुनाव होने वाले हैं और ?ट्रूडो के विरोधी उम्मीदवार ने रिश्ते सुधारने पर जोर दिया है। यह सब चुनावी न होकर वास्तविक रहे तो बेहतर।

## कविता

### दमघोंटू वातावरण !



हवा हुई जहरीली ।
होगा रखना ध्यान ।।
संयम सावधानी से ही ।
हो सकता कल्याण ।।
दमघोंटू वातावरण ।
है अचानक छाया ।।
गंदगी का फिर से ।
दिख रहा है साया ।।
हल्ला गुल्ला करके बंद ।
है करना प्रहार ।।
स्वच्छ हवा ही सबका ।
जन्मसिद्ध अधिकार ।।
जो भी जिम्मेदार हैं ।
हो अब कार्रवाई ।।
ना हुआ नियंत्रण तो ।
होगी जगहंसाई ।।

– कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1890 पत्रकार, समाज-सेवी, स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ गणेशशंकर विद्यार्थी का जन्म।
- 1947 बंटवारे के बाद पाकिस्तान की ओर से हमला होने पर जम्मू-कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत के साथ जाना तय किया।
- 1947 अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी और 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन का जन्म। वह बराक ओबामा की सरकार में देश की विदेश मंत्री भी रहीं।
- 1958 अमेरिका के पहले जेट विमान बोइंग 707 को पैन अमेरिका वर्ल्ड एयरवेज के लिए सेवा में शामिल किया गया।
- 1962 चीनी हमले के मद्देनजर राष्ट्रपति ने देश में पहली बार आपातकाल की घोषणा की।
- 1969 अपोलो-11 से अंतरिक्ष में गए आर्मस्ट्रांग और एल्डरिन बम्बई पहुंचे। वे चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री थे।
- 1979 दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पार्क चुंग-ही की उनके ही पुराने मित्र और कोरियाई केन्द्रीय गुप्तचर एजेंसी के प्रमुख किम जाए-क्यू ने हत्या कर दी। उन्हें उनके इस अपराध के लिए मौत की सजा दी गई।
- 1994 इज़राइल और जॉर्डन ने 46 वर्ष के युद्ध के बाद शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1998 मध्य अमेरिकी देशों मैक्सिको, होंडुरास और निकारागुआ में इतिहास का उस समय तक का सबसे घातक तूफान आने से तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और हजारों अन्य बेघर हो गए।
- 1999 उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।
- 2006 भारत में महिलाओं को दहेज हिंसा के मामलों और घरेलू हिंसा से बचाने के लिए एक कानून पारित किया गया।
- 2012 म्यांमा में हिंसक झड़पों में 64 लोगों की मौत।
- 2015 उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान की हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप से 398 लोगों की मौत, 2536 घायल।

# अपराध और राजनीति की रिश्तेदारी नकारें

**विश्वनाथ सचदेव**

पांच राज्यों के चुनाव का बुखार चढ़ने लगा है। उम्मीदवार, राजनीतिक दल और चुनावी कार्यकर्ता सबने कमर कस ली है। चुनाव संबंधी खबरें मीडिया की सुर्खियां बन रही हैं। इन्हीं खबरों में से एक है 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) द्वारा मध्य प्रदेश के बारे में जारी की गई एक जानकारी। यह जानकारी राज्य के उन विधायकों के बारे में है जो अपने आपराधिक रिकार्ड के बावजूद पिछले पांच साल से राज्य के विधानसभा में बैठकर राज्य के भावी विकास की योजनाएं बनाते रहे हैं। 'एडीआर' के मुताबिक राज्य के 230 मौजूदा विधायकों में से 93 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं और इनमें ऐसे विधायक भी हैं जिन पर हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। आरोपी तब तक सज़ा का भागीदार नहीं होता जब तक अदालत में अपराध प्रामाणित न हो जाये। लेकिन सवाल यह उठता है कि वह क्या मजबूरी होती है जिसके चलते राजनीतिक दलों को ऐसे लोगों को चुनाव के लिए टिकट देना पड़ता है, जिन्हें अपने हलफनामे में अपने पर लगे आरोपों की पूरी जानकारी देनी होती है।

एडीआर द्वारा मध्य प्रदेश के लिए जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार दाग़ी राजनेता लगभग सभी दलों में पाये जा सकते हैं। उदाहरण के लिए आरोपी 93 विधायकों में से 39 भाजपा के हैं, 52 कांग्रेस के, एक बसपा का और एक निर्दलीय। राज्य में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच है। इस बार कितने दाग़ी उम्मीदवार होंगे, यह तो उम्मीदवारों की पूरी सूची जारी होने और उनके हलफनामे के बाद ही पता चलेगा, पर यह तो स्पष्ट है कि हमारी राजनीति और अपराध के रिश्ते बहुत मजबूत हैं। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश और देश के बाकी राज्यों में कोई विशेष अंतर नहीं है। और यह भी सच है कि यह रिश्ता विधानसभाओं तक सीमित नहीं है। संसद तक पहुंची हुई है यह बीमारी। बहुत पुरानी बात नहीं है जब सिंगापुर के राष्ट्रपति ने भारत की संसद में आपराधिक प्रवृत्ति के राजनेताओं की बढ़ती संख्या का हवाला देकर जनतंत्र के कमज़ोर होने की बात कही थी। अच्छा नहीं लगा था किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा हमारे देश के बारे में इस तरह की बात करना और हमारी सरकार ने यह बात सिंगापुर के राष्ट्रपति तक पहुंचा भी दी थी। पर इससे यह हकीकत तो नहीं बदलती कि हमारी राजनीति पर आपराधिक तत्व और प्रवृत्तियां हावी होती जा रही हैं। हम इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि हमारा भारत दुनिया का सबसे पुराना गणतंत्र है और आबादी के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा जनतंत्र भी, पर भारतीय राजनीति पर आपराधिक प्रवृत्तियों का साया हमारे लिए चिंता की बात होनी चाहिए।

चिंता की बात यह भी है कि हमारे राजनेताओं के साथ जिन अपराधों को जोड़ा जा रहा है वह सिर्फ 'व्हाइट कॉलर' अपराध ही नहीं है, हत्या, अपहरण, आगजनी, बलात्कार जैसे आरोप भी लगते रहे हैं। यह बात भी अपने आप में कम चौंकाने वाली नहीं है कि इन सारे आरोपों के बावजूद मतदाता ऐसे दाग़ी नेताओं को चुनता है! ऐसे लोगों को उम्मीदवार बनाये जाने और उनके चुने जाने के आंकड़े भी कम चौंकाने वाले नहीं हैं। सन? 2004 के बाद हर चुनाव में आपराधिक तत्वों की हमारी राजनीति में सक्रियता और भागीदारी बढ़ी ही है। वर्ष 2014 के चुनाव में हमारे 24 प्रतिशत निर्वाचित प्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले चल रहे थे, 2019 में यह प्रतिशत बढ़कर 43 हो गया। फरवरी, 2023 में अदालत में एक याचिका दायर की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि 2009 से अब तक घोषित आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या में 44 प्रतिशत की वृद्धि हो गयी थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 159 सांसदों ने अपने खिलाफ गंभीर आरोपों की जानकारी दी थी। इन गंभीर आरोपों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के विरुद्ध अपराध शामिल हैं।



मतदाता को भी उन्हीं उम्मीदवारों में से चुनाव करना होता है जो उनके समक्ष प्रस्तुत किये जाते हैं। सवाल यह उठता है कि राजनीतिक दल ऐसे दाग़ी उम्मीदवारों को चुनाव में उतारते क्यों हैं? इसका सीधा-सा जवाब है, राजनीतिक दलों की नज़र सिर्फ चुनाव जीतने पर होती है। जीतने के लिए जो कुछ ज़रूरी है वह सब करने को तैयार हैं हमारे राजनेता, हमारे राजनीतिक दल! हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था के 75 सालों का लेखा-जोखा इस बात का साक्षी है कि चुनावों में जीत को ही सर्वोपरि मान लिया गया है। यह बात भी स्पष्ट है कि इस जीत में धन-बल और बाहुबल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बाहुबल का सीधा रिश्ता अपराधों से है और धन बल का तमाशा भी हम लगातार देखते आ रहे हैं। यह अनायास ही नहीं है कि चुनावों में जीतने वाले हमारे राजनेताओं में एक बड़ी संख्या करोड़पतियों की होती है।

अभी कुछ दिन पहले ही तेलंगाना में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद की थी। साथ ही 145 करोड़ का सोना और अन्य सामान भी जब्त किया गया। इसी 9 अक्तूबर से 21 अक्तूबर के बीच 300 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी हुई। बताया जा रहा है कि यह राशि मतदाताओं में बांटे जाने के लिए थी। यह ताज़ा आंकड़े हैं, वरना यह छिपी हुई बात नहीं है कि हर चुनाव में करोड़ों रुपये रिश्वत के रूप में मतदाताओं में बांटे जाते हैं। यही कारण है कि विधानसभाओं और लोकसभा तक में करोड़ों नहीं अरबोंपतियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। यह वोट खरीदू राजनीति और बाहुबल के सहारे वाली राजनीति आपराधिक तत्वों से गठजोड़ नहीं करेगी तो आश्चर्य होगा। अपराध और राजनीति के बीच का गहरा रिश्ता सिर्फ हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। लेकिन इस स्थिति को स्वीकार कर लिये जाने की जो मानसिकता देश में लगातार पनप रही है, और स्वीकार्यता पा रही है, वह निश्चित रूप से गंभीर चिंता की बात होनी चाहिए। इस बात पर भी गौर किया जाना ज़रूरी है कि देशभर में आज अनेक ऐसे राजनेता हैं जिन्हें अदालत ने अपराधी घोषित भी कर दिया है, कुछ सज़ा भुगत चुके हैं, कुछ सज़ा भुगत रहे हैं। इसके बावजूद वह बड़ी बेशर्मी से स्वयं को नेता कह-कहलवा रहे हैं! ऐसे राजनेता तो हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था के अपराधी हैं ही, कहीं न कहीं हम मतदाता भी अपराध के भागीदार हैं। सच कहें तो मतदाता का अपराध दुगना हैङ्क पहले तो वह ऐसे आरोपियों-अपराधियों को चुनता है, और दूसरे उनके अपराध घोषित हो जाने के बावजूद उन्हें नेता कहता-मानता है।

अपराध और राजनीति की यह रिश्तेदारी जनतांत्रिक मूल्यों और परंपराओं को अस्वीकार करती है। स्वतंत्र देश के जागरूक मतदाता का यह दायित्व बनता है कि वह इस रिश्तेदारी को नकारे। और कुछ नहीं तो मतदाता इतना तो कर ही सकता है कि वह जब मतदान का बटन दबाये तो इतना ध्यान रखे कि एक बटन 'इनमें से कोई नहीं' अर्थात् 'नोटा' का भी है। यह बटन दबाने का मतलब राजनेताओं और राजनीतिक दलों को यह बताना है कि वे मतदाता को हल्के में नहीं ले सकते। अपराध और राजनीति का यह अपवित्र गठबंधन हमारे जनतंत्र को भीतर ही भीतर खोखला बना रहा है। जनतंत्र को बचाना ज़रूरी है, और यह कार्य राजनीति करने वाले नहीं, जागरूक नागरिक ही कर सकते हैं।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# बिशन सिंह बेदी : क्रिकेट में मुंबई के प्रभुत्व को चुनौती और BCCI को निशाने पर लेने वाला खिलाड़ी

**कुश सिंह**

**डीडीसीए में सुधार के लिए बिशन सिंह बेदी की लड़ाई को प्रशासकों के खिलाफ किया गया हमला व्यक्तिगत माना गया, जो एक गलत समझ का परिचायक है. हालांकि उनका हर काम दिल्ली क्रिकेट की बेहतरी जैसे एक बड़े उद्देश्य से प्रेरित था।**

यह जीवन का सच है कि जिसका जन्म हुआ है उनकी मृत्यु निश्चित है. लेकिन कुछ मौतें दूसरों की तुलना में अधिक दर्द दे जाती हैं. सोमवार को बिशन सिंह बेदी का निधन न केवल भारतीय क्रिकेट बल्कि विश्व क्रिकेट के लिए भी सबसे दुखद दिनों में से एक था. बेदी को क्रिकेट और खिलाड़ियों के लिए कई लड़ाइयां लड़नी पड़ीं, उनमें से सबसे प्रमुख थी घरेलू क्रिकेट में मुंबई क्रिकेट के दबदबे को कम करने की उनकी चुनौती.अमृतसर में जन्में बेदी दिल्ली और नॉर्थ जोन के लिए खेले. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने उस समय एंट्री ली जिस समय मुंबई का भारतीय घरेलू क्रिकेट पर दबदबा था, जो बेदी को बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं था. उन्होंने मुंबई के वर्चस्व का विरोध करने का फैसला लिया और उसके लिए उन्होंने साहस भी दिखाया. उनके साथ दक्षिणी राज्य कर्नाटक ने भी मुंबई क्रिकेट के प्रभुत्व को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई. हालांकि बेदी के नेतृत्व में दिल्ली द्वारा दी गई चुनौती अधिक कारगर साबित हुई। उस दौर में जहां कर्नाटक के पास कई महान खिलाड़ी थे; दिल्ली के पास सिर्फ बेदी ही थे. स्पिनर के दृढ़ संकल्प ने उन्हें युवा क्रिकेटरों की एक टीम तैयार करने के लिए प्रेरित किया जो भारतीय घरेलू क्रिकेट में मुंबई के प्रभुत्व का मुकाबला करती. उन्होंने अरुण लाल, चेतन चौहान जैसे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारा. भारतीय क्रिकेट में बेदी का पहला बड़ा योगदान तब देखने को मिला जब 1970 के अंत में दिल्ली रणजी ट्रॉफी एक बड़ी ताकत बनकर उभरा। बिशन सिंह बेदी कई मायनों में भारतीय क्रिकेट में अग्रणी थे. वह मोरल वैल्यूज वाले व्यक्ति भी थे. तीन महत्वपूर्ण अवसरों पर उन्होंने जहां इसका परिचय दिया साथ ही खिलाड़ियों और खेल को लेकर अपने प्रेम के असीम साहस को भी दुनिया को दिखाया.

बेदी का पहला महान नैतिक रुख 1976 में सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट मैच के दौरान देखने को मिला. श्रृंखला तब अधर में लटक गई जब वेस्टइंडीज के बॉलर ने भारतीय बल्लेबाजों को घायल करने के इरादे से जानबूझकर बाउंसर फेंक कर अनुचित रणनीति का सहारा ले रहे थे. इसका बेदी ने जमकर विरोध किया और टीम के निचले क्रम को गंभीर चोट से बचाने के लिए 306/6 पर पारी घोषित कर दी. कप्तान के रूप में, उन्होंने क्रिकेट मैच जीतने के उद्देश्य से ऊपर अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा को रखा। खेल की नैतिकता को बनाए रखने के लिए बेदी का दूसरा रुख 1977 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान फिर से देखने को मिला, जब बाएं हाथ के स्पिनर ने अंग्रेजी गेंदबाज जॉन लीवर पर गेंद से छेड़छाड़ करने और माथे पर वैसलीन लगाने का आरोप लगाया. इंग्लिश कप्तान और प्रेस ने लीवर का बचाव करते हुए दावा किया कि उन्होंने भारतीय गर्मी में पसीने को रोकने के लिए वैसलीन का इस्तेमाल किया. बेदी ने इसपर हंसते हुए जवाब दिया और कहा पसीने से निपटने के लिए स्वेटबैंड अधिक तार्किक और उचित समाधान होता. गौरतलब है कि, उस समय बेदी का अनुबंध इंग्लिश काउंटी नॉर्थेंट्स के साथ था, लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट की अखंडता को खुद से ऊपर रखा।एक साल बाद, 1978 में, भारत के पाकिस्तान दौरे के तीसरे वनडे के दौरान, बेदी ने एक बार फिर मैच गंवाकर नैतिक रुख अपनाया क्योंकि पाकिस्तानी गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खेल जीतने के लिए आवश्यक रन बनाने से रोकने के लिए शॉर्ट-पिच गेंदें फेंकनी शुरू कर दी थी. भारत श्रृंखला जीतने की कगार पर था, लेकिन बेदी ने पाकिस्तान की अनैतिक रणनीति और खराब अंपायरिंग निर्णयों के कारण मैच छोड़ने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें वाइड घोषित नहीं करना पड़ा।



बिशन सिंह बेदी का जीवन भारतीय टेस्ट क्रिकेटरों में सबसे अमीर खिलाड़ियों में से एक है. वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर अक्सर हमला करके खिलाड़ियों के अधिकारों के लिए बोलने वाले पहले ही थे. अपने खिलाड़ियों के अधिकारों की मांग को लेकर बेदी का अपने ही क्रिकेट बोर्ड से कई बार टकराव हुआ था। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में नैतिकता बहाल करने के लिए लगातार लड़ाई भी लड़ी. ऐसा ही एक प्रतिरोध दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में सुधार की उनकी इच्छा के रूप में सामने आया. अपने पूरे क्रिकेट जीवन में, बेदी ने दिल्ली क्रिकेट को गौरव दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की थी और डीडीसीए को जिन्हें खेल की अधिक जानकारी नहीं है ऐसे एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा चलाए जाने को लेकर भी आवाजें उठाई और वो इससे दुखी रहे।यह संभवतः उनके जीवन की सबसे कठिन लड़ाई थी क्योंकि इसमें शक्तिशाली राजनेता शामिल थे जिन्होंने दिल्ली क्रिकेट को अपने नियंत्रण में कर लिया था. जबकि राजनेताओं ने इससे पहले भी भारतीय क्रिकेट का प्रबंधन किया था और कुछ ने राज्य क्रिकेट संघों के प्रशासकों के रूप में अच्छा काम किया था, डीडीसीए को भ्रष्टाचार मुक्त रखने और साफ सुथरी छवि बनाने की बेदी की कोशिशों को अक्सर गलत समझा गया था. उनके द्वारा डीडीसीए एडमिनिस्ट्रेटर पर लगाए जाने वाले आरोप किसी पर किए जाने वाले व्यक्तिगत हमले नहीं थे; वे एक बड़े उद्देश्य, जिसमें दिल्ली क्रिकेट की बेहतरी शामिल थी, से प्रेरित था। बिशन सिंह बेदी का दिल सोने का था। मैं आज दिल्ली गोल्फ क्लब में घटी एक निजी घटना के बारे में यहां जरूर बताना चाहता हूं. बेदी के साथ लंच करते समय एक पूर्व क्रिकेटर हमारे पास आए और सोचा कि वह टेबल पर बैठ हमारी बातचीत का हिस्सा बन सकते हैं। जब बेदी ने क्रिकेटर से कहा कि वह उनसे बातचीत करने से पहले मेरे साथ खाना खत्म करेंगे तो मैं थोड़ा हैरान रह गया. जो लोग बेदी को गलत समझते हैं वे आसानी से इस निष्कर्ष पर पहुंच जाएंगे कि उन्होंने क्रिकेटर को डांटा होगा। इसके विपरीत बेदी बहुत विनम्र थे। जिस क्रिकेटर ने हमसे संपर्क किया वह कोई और नहीं बल्कि भारत के महानतम ऑलराउंडर कपिल देव थे।बेदी के सबसे उल्लेखनीय गुणों में से एक यह था कि वह पैसे के पीछे नहीं भागते थे. उन्होंने एक बार मुझसे पूछा था कि अगर उन्होंने कभी अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को कोचिंग दी तो क्या मैं उनके साथ काबुल जाऊंगा. मेरा इनकार उन्हें पसंद नहीं आया और उन्होंने मुझपर खेल से सच्चा प्यार न होने का आरोप भी लगाया. एक बार न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मुझसे बेदी से यह पूछने के लिए संपर्क किया था कि क्या वह वेलिंगटन में युवा, उभरते स्पिनरों को ट्रेनिंग देने में सहायता करेंगे. बेदी इस काम के लिए झटपट हां कर दिया वह भी बिना फीस लिए। बिशन सिंह बेदी ने क्रिकेट से जुड़े मेरे जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया है. उन्होंने मुझे सिखाया कि खेल में कभी भी धर्म को नहीं लाना चाहिए. यह उल्लेखनीय है क्योंकि वह सिख थे और अपने धर्म को अपने दिल के करीब रखते थे. बिशन ने मुझे यह भी सिखाया कि क्रिकेट जीत और हार से कहीं ऊपर है. उनके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं होगा, एक मजबूत नैतिक दिशा-निर्देश और अटूट विवेक वाला. दुनिया बिशन सिंह बेदी को विजडन के शब्दों में हमेशा याद रखेगी- 'धीमे गेंदबाजों में सबसे बेहतरीन।'

**साभार:** लेखक 'द क्रिकेट करी टूर कंपनी' के संस्थापक हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरुक

युवा मतदाताओं ने मतदान करने की ली शपथ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं स्वीप प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में मतदाता जागरूकता के लिए आज शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विशेष कर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के अधिकार के विषय में बताया जिन्हें घर पर ही मतदान की सुविधा दी जाएगी तथा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए समस्त जिले वासियों से 17 नवंबर को वोट डालने की अपील की गई। इसी प्रकार शासकीय आईटीआई नर्मदापुरम में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान करने की शपथ ली गई, जिसमे शपथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया।



आचार संहिता के चलते बड़ी कार्रवाई हुई

# पुलिस ने पांच लोगों को जुआ खेलते पकड़ा 20 हजार की राशि की जप्त

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरन सिंह के द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन में जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो को अवैध कामो में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आकांशा चतुर्वेदी के द्वारा थाना प्रभारी उप निरी. विवेक यादव के नेतृत्व में टीम ने देर रात ग्राम बाबरी के पास कुछ लोगो द्वारा 52 तास के पत्तो पर पैसा का दाब लगाकर जुआ खेलने की मुखबिर से सुचना मिलने पर तत्परता से पुलिस टीम धरपकड़ हेतु रवाना हुयी उक्त टीम को ग्राम बाबरी पथाडा रोड पर खेत मे मेड़ के पास जाम के पेड़ के नीचे कुछ लोग टार्च की रोशनी में जुआ खेलते दिखाई दिये जिन्हे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसमें सोनू सिंह पिता मंगलसिंह भाटिया उम्र 20 साल नि. बंगाली कालोनी सरदार मोहल्ला नर्मदापुरम जिसके पास से फड़ से 4500 रूपये, जितेन्द्र सेन पिता रमेशचन्द्र सेन उम्र 24 साल नि. पाडल्या नसरूल्लागंज जिसके पास से 4500 रूपये, मुकेश पिता शिवलाल यदुवंशी उम्र 21 साल नि. बाबरीघाट थाना शिवपुर के पास से 3500 रूपये, परसुख पिता रामप्रसाद मेहरा उम्र 40 साल नि. बाबरी घाट के पास से 5000 रूपये, मूलसिंह पिता नर्मदाप्रसाद यदुवंशी उम्र 45 साल नि. बाबरी घाट के पास से 3000 रूपये कुल 20500 रूपये एवं 52 ताश के पत्ते मिले एवं एक सफेद रंग का रूमाल फड़ पर बिछा हुआ मिला एवं मौके पर शिफ्ट डिजायर कार क्र. MP 04 CL 3969 कीमती 400000 रूपये एवं रायल इन्फील्ड बुलेट क्र. MP 05 ZB 9777 एवं काले रंग की पल्सर मोटरसाईकिल क्र. MP 09 VN 2469 कीमती 100000 रूपये की एवं टार्च मिली जो कुल मशरुखा 8,20,500/- रूपये का जप्त किया गया।

इस पूरी कार्रवाई में उप निरी. विवेक यादव , कावा सउनि आशीष तिरोलिया , राजेश, अमर ,नरेंद्र,सुनिल जाट,जयपाल, गौरीशंकर अहम भूमिका रही



## वाहन चेकिंग के दौरान 15 लाख 98 हजार जप्त

**सिवनी मालवा ।** विधानसभा आम निर्वाचन द्वारा गठित एसएसटी दल द्वारा 15 लाख 98 हजार 631 रुपए की राशि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP47CA4030 से जप्त की गई। जप्त की गई राशि हरदा निवासी अब्दुल हमीद पिता अब्दुल लतीफ तथा अनस खान पिता सलीम खान से राशि जप्त की गई है। एसएसटी दल द्वारा स्थल पंचनामा बनाया गया है तथा जप्त राशि जिला कोषालय नर्मदा पुरम में जमा की गई। निर्वाचन आचार संहिता लगने के पश्चात सघन रूप से वाहन चेकिंग की जा रही है एफएसटी प्रभारी अभिषेक गौरव,एस एस.टी प्रभारी अमन चौहान, पटवारी पुष्पराज सिंह सहायक उप निरीक्षक गिरीश तिवारी तथा आरक्षक शैलेंद्र मानकर द्वारा गंजाल नदी पर जिले की सीमा पर एसएसटी टीम का बैरियर लगा है जिनके द्वारा लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है।



# राजपूत समाज के प्रत्याशी को लेकर हुई बैठक



**सिवनी मालवा।** दोनों ही पार्टी से नाराज चल रहे राजपूत समाज को इस विधानसभा चुनाव में नजरअंदाज करके उनको टिकट नहीं देना अब कहीं आने वाले चुनाव में दोनों ही पार्टी के लिए भारी पड़ सकता हैं। क्योंकि सिवनी मालवा विधानसभा में 30 से 35 हजार के बीच में राजपूत समाज के बोट बैंक है वही उनके साथ अन्य समाज का भी काफी सहयोग रहता है जो चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इसी बात को लेकर राजपूत समाज और करणी सेना की एक बैठक राजपूत बाहुल्य क्षेत्र ग्राम डोलरिया के खेड़ापति मंदिर में रखी गई। वहां पर कांग्रेस बीजेपी सहित अन्य दल के राजपूत सरदारों ने अपनी अपनी बात रखी आने वाले दिनों में यह तय किया जा रहा है कि प्रत्याशी के रूप में किसको उतर जाए निश्चित तौर पर राजपूत समाज के युवाओं में इस बार चुनाव को लेकर काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। उनका भी मानना है कि राजपूत समाज इतनी बड़ी संख्या में क्षेत्र में होने के बाद भी आज तक हमें दोनों ही पार्टियों ने नजर अंदाज किया है।

# कलेक्टर ने निर्वाचन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में नाम निर्देशन,12 डी आवेदन, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, पोस्टर बैलेट के संबंध में विस्तार से समीक्षा की एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के संबंध में मतदान कर्मियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दिया जाए। पोस्टल बैलेट की मार्किंग की कार्यवाही भी पूर्ण करें।



# श्रमिकों ने निर्भीक और स्वतंत्र रूप से मतदान करने की ली प्रतिज्ञा



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं स्वीप प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत बुधवाड़ा ग्राम के निर्माण श्रमिक एवं कृषि कार्य में लगे श्रमिको एवं पहाड़िया में कार्यरत निर्माण श्रमिको को 17 नवंबर मतदान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में जागरूगता कार्यक्रम कराया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र संघ इटारसी के अध्यक्ष से विधानसभा निर्वाचन दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के सम्बंध में चर्चा की गई एवं करखाने में कार्यरत श्रमिको से जिले का मतदान 100त्र कराने हेतु ÷हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना 17 नवंबर 2023 के निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# मुख्यमंत्री ने किया रोड शो, नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नर्मदा पुरम विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर सीता शरण शर्मा के समर्थन में रोड शो कर जनसंपर्क किया. रोड शो शुरू होने से पहले उन्होंने भाजपा कार्यालय के पास डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर आगमन पर लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित महिलाओं ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया।. राम जी बाबा समाधि के सामने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा चरण मुखर्जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री एक खुली जीप में सवार होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सेठानी घाट पहुंचे और मां नर्मदा से आशीर्वाद लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया । मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ रोड शो के दौरान विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. सीताशरण शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के साथ भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।



# आठ नवंबर को नर्मदापुरम में होगा मैराथन का आयोजन

**नर्मदापुरम।** सशक्त लोकतंत्र एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में जिले भर में नवाचारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम अब नर्मदापुरम नगर में 8 नवंबर को विशाल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वृद्ध ,दिव्यांग, युवा सहित विभिन्न खेलों से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। बुधवार को जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने जिला पंचायत कार्यालय में अधिकारियों के साथ मैराथन की तैयारी की विस्तार समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को शासक बनना है। जिसके लिए मतदान दिवस के पूर्व वातावरण निर्माण के लिए मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन नर्मदा महाविद्यालय से प्रारंभ होकर सतरस्ता , जयस्तंभ चौक , मोर्चली चौक ,सराफा चौक से होते हुए एनएमवी पर समापन किया जाएगा। मैराथन में शामिल होने के लिए प्रतिभागी ऑनलाइन लिंक पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। मैराथन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र सहित प्रोत्साहन राशि का भी वितरण किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी के लिए ई सर्टिफिकेट की भी व्यवस्था रहेगी। सीईओ श्री रावत ने खेल , शिक्षा, ऊच्च शिक्षा , नगर पालिका सहित अन्य संबंधी विभागों को मैराथन के सफल आयोजन के लिए दायित्व सौपे और समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेट्रो एंकर

मजदूर संघ ने लगाये नगर पालिका पर गंभीर आरोप

# कमीशन के लोभ में किए जा रहे निधि से भुगतान!

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि माह सिंतबर के मासिक वेतनो का भुगतान माह अक्टूबर की समाप्ति होने पर के भी नहीं दिया गया है. लेखाशाखा में पता किया गया तो सदा सदाया जबाब दिया गया कि शासन से प्राप्त होने वाला चुंगी क्षतिपूर्ति का ड्राफ्ट नहीं आया है. इसलिए कर्मचारियों को मासिक वेतनों का भुगतान नहीं हो पाया है आर्थिक संकट वेतन के अभाव में नगरपालिका के कर्मचारी मातारानी का पर्व भी नहीं मना पाये. निकट भविष्य में दीपावली का पर्व आ रहा है जिसमें एक सौ एक प्रतिशत गारंटी है कि माह अक्टूबर के मासिक वेतनो का भुगतान भी नहीं किया जावेगा व सांतवे वेतनमान के अंतरराशि की एक किश्त रूकी हुई है उसका भुगतान भी होना असंभव है. जब मासिक वेतनो के भुगतान का संकट कमीशन खोरी की वेदी पर खड़ा कर दिया है तो सांतवे वेतनमान के अंतरराशि की शेष किश्त का भुगतान नगरपालिका से होना असंभव है. वर्मा ने कहा हमेशा देखने में आया है कि हिंदुओं के महान पर्व रक्षा बधंन, दशहरा, दीपावली, होली जब जब आते है उसके एक माह पूर्व से जान बूझकर नगरपालिका आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित करती है ऐसी स्थिति निर्मित क्यों होती है. कोई सा भी पर्व हो सुरसा के मुँह की तरह नगरपालिका में आर्थिक संकट की स्थिति हमेशा ही निर्मित की जाती हैं।

## वरिष्ठ अधिकारी संज्ञान लेकर दोषियों पर करेंगे कार्यवाही

कर्मचारियों का समय पर वेतन न होने को लेकर महेश वर्मा ने बताया कुछ जनप्रतिनिधियों ने कुछ अन्य कार्यों की एक एक लाख की चालीस फाईल यानि चालीस लाख को लेकर भुगतान के लिए आडिट करवा ली थी शासन से आने वाला चुंगीछति पूर्ति ड्राफ्ट समय पर आ गया था उसमे से कुछ फाइलों के एक एक लाख में बीस लाख का भुगतान किये जाने से कर्मचारियों के मासिक वेतनों का भुगतान नहीं हो पाया हैं कर्मचारियों के कार्य में गुणवत्ता देखने वाले क्या जिला प्रशासन के अधिकारी इस विषय पर संज्ञान लेकर नगरपालिका में दोषी कर्मचारी अधिकारी के प्रति दंडात्मक कार्यवाही करेगें।

## बड़े बकाया दारों से वसूलने का नपा में नहीं है दम..

विगत एक डेढ वर्ष से विधायक प्रतिनिधि, नगरपालिका अध्यक्ष, व सीएमओ साहब से वार्ता में संघ कई बार सुझाव दे चुका है कि शहर में राजस्व के बडे बकायादारों के नाम चौक चौराहों पर सार्वजनिक किये जावे नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावे नगरनिगम जबलपुर में बड़े राजस्व बकायादारों के बैंक खाते नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्यवाही कर बंद करके राजस्व वसूली की अनूठी मिशाल पेश की गई. नर्मदापुरम में जिला प्रशासन, नगरपालिका प्रशासन / परिषद में इतना दम खम नहीं है कि बडे बकायादारो पर नगरपालिका अधिनियम के तहत राजस्व वसूली को लेकर कार्यवाही कर सके या नाम चौक चौराहों पर सूचीवार सार्वजनिक कर सके।

**महेश वर्मा** कार्यकारी अध्यक्ष










## सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्य बाजार होते हुए पहुंचे तहसील कार्यालय

**पर्चा दाखिल करने से पहले श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर लगाई अर्जी**

# कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नामांकन किया दाखिल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी सैकड़ो समर्थकों और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ नामांकन दाखिल करने एसडीएम कार्यालय पहुंचे और वहां पहुंच कर रिटर्निंग अधिकारी हर्षल चौधरी को नामांकन पत्र सौपा।दूसरी ओर भाजपा की ओर से उमाकांत शर्मा वर्तमान मे विधायक है और भाजपा ने इनको फिर से टिकट दिया है वही पहली बार कांग्रेस ने इस सीट से रघुवंशी को अपना उम्मीदवार वनाकर चौका दिया है सिरोज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में गगनेंद्र रघुवंशी की अच्छी पकड़ है लटेरी तहसील के परवरिया गांव के रहने वाले बड़े किसान एवं बड़े व्यवसाय के रूप में गगनेंद्र रघुवंशी की पहचान है सिरोंज के लिंक रोड पर स्थित रघुवंशी आईसर ट्रैक्टर की एजेंसी का शोरूम है जिसको लेकर विगत कई वर्षो से रघुवंशी क्षेत्र में लगातार सक्रिय बने हुए हैं और अपनी उम्मीदवारी और दावेदारी को लगातार पार्टी की नजरों में साबित करते रहे हैं उनकी इसी पकड़ को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने उमाकांत शर्मा के सामने गगनेंद्र रघुवंशी को प्रत्याशी घोषित किया है। जिसकी वजह से सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में टिकट मिलने से लेकर एक हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है । तो वही कांग्रेस प्रत्याशी की समर्थन में हजारों की संख्या में भीड़ को देखकर भाजपा खेमे में भी खलबली मची हुई है इस बार भाजपा और कांग्रेस मे कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है।

छतरी हनुमान मंदिर पहुंचकर टेका माथा, जीत अर्जी लगाकर पूरे परिवार के साथ पैदल चलकर क्षेत्र की जनता से मांगा

### दावा : दो तिहाई बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार, जनता के साथ मिलकर रिकॉर्ड मतों से करूंगा जीत दर्ज, सिरोंज को जिला बनाने की कहीं बात



आशीर्वाद - पर्चा दाखिल करने के पहले कांग्रेस प्रत्याशी शहर के सुप्रसिद्ध क्षत्रिय हनुमान मंदिर पहुंचे और वहां जाकर उन्होंने हनुमान जी से चुनाव में जीत की अर्जी लगाई और माथा टेका। लिंक रोड स्थित अपने घर से अपनी पत्नी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पार्वती रघुवंशी अपने भाई और बच्चों को लेकर पैदल ही पूरे शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए लगभग 3 से 4 किलोमीटर का सफर पैदल ही तय किया। छतरी चौराहे पर बनी गांधी प्रतिमा को माला पहनकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चलते हुए सभी क्षेत्रवासियों और शहर वासियो से अपने लिए मतदान करने की अपील भी की। लोगो ने जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी का भव्य स्वागत किया और फूल माला पहनाकर उनका अभिवादन भी किया।

कांग्रेस नेताओं में दिखी एकजुटता, पहली बार सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे तहसील कार्यालय, पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव - पहली बार किसी कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करते समय सैकडौ की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शामिल होते देखा गया है जिससे लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि इस बार कांग्रेस और भाजपा के विधायक के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।वही सभी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता ने एक साथ पैदल मार्च में शामिल होकर एकता का संदेश दिया और पूरी ताकत के साथ चुनाव में अपने प्रत्याशी के साथ खड़े रहकर जीत के संकल्प को आगे बढ़ने का प्रयास किया। समर्थकों के साथ भारी भीड़ तहसील कार्यालय पहुंची और वहां जाकर अपने प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगाए।

पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का किया दावा, जनता के साथ मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास - नामांकन दाखिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने पत्रकारों से बात करते हुए भारी बहुमत से जीत दर्ज करने का दावा किया तो वही मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत से बनने की बात भी कहीं कि हम जनता के बीच जाकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे और कांग्रेस की 18 महीने की सरकार द्वारा किए गए जन हितेशी कार्यों को बताकर अपने लिए समर्थन की मांग करेंगे। छेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों की अव्यवस्था है हमें अभी तक जनता के बीच में बहुत अच्छा समर्थन प्राप्त हुआ है और कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसे भरोसे को मैं पूरी तरह कायम रखूंगा।



# बुराई पर हुई अच्छाई की जीत, रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ, के पुतले का हुआ दहन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रावण दहन कार्यक्रम पहले नवीन बस स्टैंड पर छोटे स्तर पर पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने प्रारंभ किया था आज उनके द्वारा लगाया गया पौधा विशाल रूप ले चुका है। फिर भी उनके सम्मान के प्रति कमी देखने को मिली जिस पर विधायक ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की वही मन के अंदर की बुराई अहंकार को मिटाने का संदेश देने के रूप में विजयदशमी पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुत्रों का दहन किया जाता है।

मंगलवार की रात्रि में 9:300 बजे के करीब हिंदू उत्सव समिति के छोटे तालाब के ग्राउंड में दशहरे पर आयोजित कार्यक्रम में राम जी ने जैसे ही तीर चला कर रावण

### देखने उमड़ी भीड़,, विधायक की आने से ही पहले रावण दहन शुरू करने पर उन्हें जताई उन्होंने नाराजगी

कुंभकरण मेघनाथ के पुतले का ध्यान किया तो आसमान में रंग बिरंगी सुंदर आतिशबाजी के साथ पूरा परिसर राम जी के जयकारों से गूंज उठा इस सुंदर दृश्य को मोबाइल में कैद करने के लिए लोगों में होड़ से सी मच गई इसके बाद भगवान श्री राम ,सीता जी लक्ष्मण जी आई और राम का राज्याभिषेक हुआ आरती के उपरांत सभी लोग अपने-अपने घरों के लिए रवाना हुए हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम सोनी ने कहा कि अंदर की बुराई को मिटा हम सभी को सच्चाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर जाएं समिति के महामंत्री सुमन मित्तल ने कहा कि दशहरे पर रावण के पुतल जलने के साथ मन के अंदर के रावण को भी मिटाए। राम जी की सेन को पार्षद प्रतिनिधि तोष मणी पंथी की टीम लेकर पहुंची ।रावण दहन की परंपरा पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा शुरू करवाई थी आज विशाल रूप ले चुकी पर कहीं भी उनकी तस्वीर भी दिखाई नहीं दे रही थी। रावण दहन करने से पहले विधायक उमाकांत शर्मा को सूचना नहीं देने ओर उनके आने से पहले ही रावण दहन कार्यक्रम प्रारंभ करने पर उन्हें नाराजगी जाहिर करते हुए समिति के सदस्यों को खूब सुनते हुए कहा कि जिन्होंने इसकी नीव रखी थी कम से कम उनको ही याद कर लेते इसके बाद पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा का नाम लिया गया फिर विधायक उमाकांत शर्मा अंदर पहुंचे उन्होंने रावण दहन की व्यवस्थाएं देखी आम जनता के बीच में बैठकर वापस चले गए। आचार संहिता का हवाला देख प्रशासन ने 10:00 बजे से पहले रावण दहन करने की बात समिति से कही थी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** झांकी देखने गए थे घर वाले, व्यापारियों में डर

# जनरल स्टोर व्यापारी के यहां पर लाखों की चोरी जांच करने आई डॉग स्काड की टीम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को कठली बाजार में बड़ी चोरी की वारदात का मामला सामने आते ही व्यापारियों में भी डर का माहौल देखने को मिल रहा है। क्योंकि जहां से चोरी की घटना हुई है। वह क्षेत्र बाजार के आसपास ही आता है। फरियादी रामकुमार लखपति के घर पर चोरों ने धावा बोलते हुए लाखों रुपए के जेवरातों तथा हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जिस समय चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया उस समय सभी परिवार वाले झांकियां और चल समारोह देखने के लिए गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था इसी बात का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए सोने के मंगलसूत्र सहित कीमती गहने तथा अलमारी में रखें 30 हजार रुपए नगदी पर भी लेकर रफूचक्कर हो गए।

सुबह 10:300 बजे के करीब रामकुमार लखपति अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था सामान भी बिखरा हुआ दिखाई दिया जिसको देखकर उनके होश उड़ गए तत्काल उन्होंने अपनी पत्नी को बुलाया इसके बाद अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण व पैसों को देखा तो वहां गायक थे। अलमारी का



**इनका कहना है -**

तीस हजार नगदी सोने चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला दर्ज करके अज्ञात चोरों की खोजबीन की जा रही है डॉग स्कायड की टीम भी आई थीआसपास घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखा रहें हैं।

–संदीप सिंह परमार थाना प्रभारी

सामान बिखर पड़ा हुआ था इसके बाद पूरी घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी फिर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने के बाद आगे कार्रवाई करने की बात कही सुबह चोरी हुई शाम को विदिशा से डॉग स्क्राड टीम आई फिर जांच दल ने अपनी जांच पड़ताल करते हुए एक-एक सबूत को इकट्ठा करके मामले की छानबीन की इधर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर 30000 नगदी सहित सोने के चांदी आभूषण चोरी होने का मामला दर्ज किया है । पुलिस ने आभूषणों की कीमत नहीं खोली है वहीं परिवार वालों ने लगभग 8 से 10 लाख रुपए की चोरी होने की बात कही है पर पुलिस ने इतनी बड़ी चोरी होने की बात स्वीकार नहीं की है उन्होंने कहा कि जो भी जेवरात चोरी गए हैं वह कितने पुराने हैं उनके विल लाने के बाद ही सही अलंकार हो पाएगा यदि पुराने जेवरात है तो वह कीमत लगेगी और अभी के जेवरात है तो आज की कीमत लगेगी। परिवार वालों के द्वारा आज के हिसाब से चोरी होने की बात की जा रही है । जानकारी के अनुसार लोगों का कहना है कि बुधवार की सुबह प्रातः काल में ही चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। शहर के मुख्य बाजार कठली में भी चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर रफू चक्कर हो गए । सूना घर होने का चोरों ने फायदा उठाया क्योंकि पुलिस चल समारोह से लेकर रावण दहन कार्यक्रम में में व्यस्त थी घर भी खाली था इसी का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम दिया है।

अव देखना है कि इस वारदात को अंजाम देने वाले चोरों तक पुलिस के हाथ पहुंच पाएंगे या नहीं पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है मोटरसाइकिल चोरी की घटना है तो रूकने का नाम नहीं ले रही है। इसके पीछे लोगों का कहना है कि शहर में सट्टे का खेल जोर-शोर से चलने का मुख्य कारण हो सकता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को धरातल पर ठोस कार्रवाई करनी होगी जो अभी देखने को नहीं मिल रही है। वहीं पुलिस के द्वारा चोरों की खोजबीन करने के लिए आसपास के घरों के मोहल्ले में लगे कैमरों को भी देखकर उनमें चोरों की शक्ल देखने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कोई सफलता पुलिस को नहीं लग पाई है।




## इंडिया और साउथ अफ्रीका अभी सेमीफाइनल के सबसे बड़े दावेदार

# ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल खेलने के लिए जीतने होंगे बाकी बचे मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वर्ल्ड कप 2023 की लीग स्टेज का 24वां मैच खेला गया। ये मुकाबला ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड का था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीसरी जीत हासिल की। डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल की धमाकेदार पारियों के आगे नीदरलैंड के गेंदबाज बेबस दिखे। ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल खेलने के लिए बचे हुए चारों मैच जीतने होंगे।



टीम इंडिया के 10 पॉइंट्स हैं और उसे अभी 4 मैच और खेलने हैं। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है। 5 मुकाबलों में से 4 मैच जीतकर उसके 8 पॉइंट्स हैं। साउथ अफ्रीका को अब 4 मैच और खेलने हैं। 8 पॉइंट्स के साथ न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है। ऐसा इसलिए क्योंकि उसका नेट रन रेट साउथ अफ्रीका से कम है। नीदरलैंड पर जीत दर्ज करने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया चौथे नंबर पर है। 5 मुकाबले खेलकर ऑस्ट्रेलिया ने 3 जीते, जिससे उसे 6 पॉइंट्स मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया को अभी 4 मैच और खेलने हैं।

### आज इंग्लैंड और श्रीलंका का अहम मुकाबला

मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन टीम इंग्लैंड ने अब तक 1 मैच जीता है। 2 पॉइंट्स के साथ वो टेबल में 8वीं पोजिशन पर है। श्रीलंका उससे एक पोजिशन ऊपर यानी 7वें नंबर पर है। इंग्लैंड को आज श्रीलंका के खिलाफ मैच खेलना है। उसके बचे हुए मैच भारत, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हैं। अगर वो ये सब मुकाबले जीत जाती है तो भी उसके 12 पॉइंट्स ही होंगे। ऐसे में उसके सेमीफाइनल खेलने का फैसला नेट रन रेट से होगा। लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाले मैच, इंग्लैंड के इस समीकरण को बिगाड़ सकते हैं।

### ■ हो सकती है राह आसान...

वर्ल्ड कप पॉइंट्स टेबल की टॉप 2 टीमें, यानी इंडिया और साउथ अफ्रीका अभी सेमीफाइनल के सबसे बड़े दावेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया को अभी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से खेलना है। 14 पॉइंट्स के साथ उसका सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने की राह आसान हो जाएगी। नीदरलैंड के खिलाफ मिचेल स्टार्क को एक सफलता मिली। उन्होंने मैक्स ओ डाउड को बोल्ड मारा। इसी के साथ वे वर्ल्ड कप में बोल्ड के जरिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में वसीम अकरम के बराबरी पर आ गए। स्टार्क और अकरम वर्ल्ड कप में बोल्ड के जरिए 25-25 विकेट ले चुके हैं।

### ■ सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में नीदरलैंड पर 309 रन से जीत दर्ज की। यह वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी टीम की रन के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 257 रन का था। ऑस्ट्रेलिया ने ही 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान को इस अंतर से हराया था। ग्लेन मैक्सवेल (44 गेंद पर 106 रन) वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक जमाने वाले बल्लेबाज बने। उनके अलावा डेविड वॉर्नर (93 गेंद पर 104 रन) ने भी सेंचुरी जमाई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हिए 50 ओवर में 9 विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20.5 ओवर में 90 रन के स्कोर पर सिमट गई। पावरप्ले में दबाव बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मिडिल ओवर में कमाल की गेंदबाजी की। डच टीम ने बीच के 11 ओवर में 42 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए।




## वनडे वर्ल्ड कप

# इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ 16 साल से जीत का इंतजार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 में आज श्रीलंका से भिड़ेगी। मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ 16 साल से जीत का इंतजार है। टीम को आखिरी जीत 1999 में मिली थी। तब से दोनों टीमों के बीच चार मैच (2007, 2011, 2015 और 2019) खेले गए और सभी में इंग्लिश टीम को हार का सामना करना पड़ा। यानी आखिरी चार मैच श्रीलंका ने लगातार जीते हैं।

**दोनों टीमों का इस वर्ल्ड कप में 5वां मैच:** दोनों टीमों का इस वर्ल्ड कप में पांचवां मैच रहेगा। इंग्लैंड को 4 में से केवल एक में जीत और तीन में हार मिली है। दूसरी ओर श्रीलंका को भी चार में से तीन में हार और महज एक में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 78 वनडे खेले गए हैं। इंग्लैंड को 38 में और श्रीलंका को 36 में जीत मिली। तीन मैच नो रिजल्ट और एक टाई रहा। टूर्नामेंट की बात करें तो दोनों के बीच अब तक 11 मैच खेले गए हैं, जिसमें इंग्लैंड को 6 में और श्रीलंका को 5 में जीत मिली। इंग्लैंड पिछले 5 वनडे में से 1 में जीत मिली।



### डेविड मलान ने सबसे ज्यादा रन बनाए:

इस वर्ल्ड कप इंग्लैंड से डेविड मलान ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक है। वहीं गेंदबाजी में रीस टॉप्ली ने सबसे ज्यादा विकेट झटके है, लेकिन वो चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। तो अभी इंग्लैंड की ओर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज आदिल रशीद हैं। समरविक्रमा टॉप स्कोरर, मदुशंका टॉप विकेट-टेकर हैं। श्रीलंका की ओर से टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर सदीरा समरविक्रमा हैं। उन्होंने एक सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी लगाई है। बॉलिंग में दिलशान मदुशंका टॉप विकेटटेकर है, उन्होंने चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। इस मैदान पर अब तक 27 वनडे मैच खेले गए हैं। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 12 और टारगेट चेज करने वाली टीम ने 12 मैच जीते। दो मैच नो रिजल्ट और एक मैच टाई रहा। पहली इनिंग का एवरेज स्कोर 264 रन है।



## मेट्रो बाजार

# पेट्रोल कारों के महंगे पार्ट्स से बढ़ जाती है मैन्यूफैक्चरिंग कॉस्ट

**मुंबई, एजेंसी**

टोयोटा इंडिया ने भारत सरकार से हाइब्रिड कारों पर लगने वाले टैक्स को 21 फीसदी तक कम करने की अपील की है। जापानी ऑटोमेकर कंपनी ने कहा है कि हाइब्रिड कारें अन्य गाड़ियों की तुलना में कम प्रदूषण करती हैं, लेकिन उन्हें नियमों के मुताबिक उचित छूट नहीं मिलती है। इस बात की जानकारी रॉयटर्स ने कंपनी के एक लेटर के हवाले से दी है। कंपनी ने लेटर में बताया कि वह भारत में हाइब्रिड कारों की बढ़ती डिमांड को पूरा करने के लिए अपनी प्रोडक्शन कैपेसिटी बढ़ाना चाहती है, लेकिन सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए वह कंपनियों को ईवी और बैटरी बनाने के लिए इंसेंटिव दे रही है। कंपनी ने कहा है कि भारत की टैक्स स्ट्रक्चर और हाइब्रिड कारों में इस्तेमाल होने वाली बैटरी और मोटर्स के दाम इन कारों का मैन्यूफैक्चरिंग कॉस्ट पेट्रोल कारों की तुलना में 30 फीसदी से 35 फीसदी तक बढ़ा देते हैं। भारत सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर 5त्न टैक्स लगाती है। वहीं, हाइब्रिड कारों पर 43त्न और पेट्रोल गाड़ियों पर 48 फीसदी टैक्स लगाती है। नीति आयोग के थिंक टैंक को लिखे पत्र में कंपनी ने कहा कि कम एमिशन और बेहतर फ्यूल कंजप्शन को देखते हुए पेट्रोल और हाइब्रिड कारों पर लगने वाले टैक्स में 5 फीसदी का अंतर पर्याप्त नहीं है। टोयोटा इंडिया के हेड विक्रम गुलाटी ने कहा है कि पेट्रोल की तुलना में हाइब्रिड और फ्लेक्स-हाइब्रिड कारों पर 11 फीसदी और 14 फीसदी टैक्स होना चाहिए। साथ ही कंपनी ने सरकार से हाइब्रिड वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों की तरह ही गवर्नमेंट इंसेंटिव प्रोग्राम के अंदर लाने को कहा है।



## मारुति सुजुकी सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन के लिए इंडियन मार्केट में सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, ऑल्टो और एस-प्रेसो के एक्स्ट्रा एडिशन की तरह सेलेरियो के रेगुलर वैरिएंट से 25 हजार रुपए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 7.14 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने कार में सिर्फ कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस किए हैं। एक्स्ट्रा एडिशन में नई एक्सेसरीज मिलेगी। इसमें व्हील आर्च क्लैडिंग, बॉडी साइड मोल्डिंग, डोर वाइजर गार्निश इंसर्ट, मल्टीमीडिया स्टीरियो सहित कई अपडेशन शामिल हैं। इसके अलावा इंटीरियर में स्टाइलिंग किट, 3डी मैट, बूट मैट, डोर सिल गार्ड, स्टीयरिंग कवर, नंबर प्लेट गार्निश जैसी एडिशनल चीजें मिलेंगी। नई सेलेरियो में फेज-2 नॉर्म्स के अनुसार अपडेटेड 1.0 लीटर का डुअलजेट थ्री-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया गया है। इंजन को 5-स्पीड मैनुअल और गियरबॉक्स से जोड़ा है। ये स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम के साथ आता है। कंपनी का दावा है कि कार का माइलेज देती है। सेलेरियो में एक्सटीरियर बॉडी प्रोफाइल के साथ नया रेडिएंट फ्रंट ग्रिल, शार्प हेडलाइट यूनिट और फॉग लाइट केसिंग मिलता है। ब्लैक एक्सेंट वाला फ्रंट बंपर भी नया है। इसमें 15-इंच के अलॉय व्हील नए डिजाइन के साथ दिए हैं। रियर में बॉडी कलर्ड रियर बंपर, फ्लुइड लुकिंग टेललाइट्स और एक कर्वी टेलगेट मिलता है। कार 6 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। इसमें सॉलिड फायर रेड और स्पीडी ब्लू के साथ सिल्की सिल्वर, रेड और ब्लू शामिल हैं।



## पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन भारत को 30 मेडल

**हांगझोउ, एजेंसी**

चीन के हांगझोउ में पैरा एशियन गेम्स खेले जा रहे हैं। गेम्स के तीसरे दिन भारत ने 6 गोल्ड समेत कुल 30 मेडल जीते। भारत के सभी 6 गोल्ड एथलेटिक्स में मिले। भारत कुल 15 गोल्ड, 20 सिल्वर और 29 ब्रॉन्ज के साथ मेडल टैली में छठे स्थान पर है। जेवलिन थ्रो में 64 कैटेगिरी में सुमित अंतिल ने 73.29 मीटर थ्रो कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। अंतिल ने एशियन पैरा गेम्स में खुद का ही रिकॉर्ड तोड़ा। अंतिल के नाम 70.83 मीटर का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज था, जो उन्होंने पेरिस में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। भारत के ही पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज जीता।

## हार्दिक पंड्या इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हार्दिक बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे। वे अभी नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके लिगामेंट में मामूली चोट है। पंड्या इंग्लैंड के मुकाबले के बाद किस मैच से वापसी करेंगे,। इस दिन मेडिकल टीम उनका फिटनेस टेस्ट करेगी। हालांकि अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान 9वें ओवर में चोटिल हो गए थे।

## 9 नवंबर तक चलेगा मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

# गोवा में 99 सालों से खेले जा रहे नेशनल गेम्स का शुभारंभ आज से

**गोवा, एजेंसी**

नेशनल गेम्स के 37वें सीजन की शुरुआत औपचारिक तौर पर 25 अक्टूबर से हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा में इंडिया का ओलिंपिक कहे जाने वाले नेशनल गेम्स का उद्घाटन करेंगे। ओपनिंग सेरेमनी का प्रोग्राम शाम को 6.30 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट 9 नवंबर तक होगा।

**99 साल का हुआ टूर्नामेंट:** यह नेशनल गेम्स का 37वां संस्करण होगा। गेम्स 99 साल का हो गया है, लेकिन यह कभी निरंतर नहीं खेला गया। बीच-बीच में इन गेम्स का ब्रेक होता रहा है। पहली बार इन गेम्स का आयोजन 1924 में लाहौर (आज पाकिस्तान की राजधानी) में हुआ था। भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड पिछले साल 61 गोल्ड सहित 128 मेडल के साथ गुजरात में नेशनल गेम्स की चैंपियन बनी थी। महाराष्ट्र 140 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिसमें 39 गोल्ड मेडल शामिल थे। हरियाणा के 38 गोल्ड और कुल 116 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा।

**पहले इसे इंडियन ओलिंपिक गेम्स के नाम से जाता था:** 1924 से 1938 तक इसे इंडियन ओलिंपिक गेम्स के नाम से जाना जाता था। 1940 से इसका नाम नेशनल गेम्स कर दिया गया। 1940 में नेशनल गेम्स के तौर पर इसकी मेजबानी मुंबई को सौंपी गई थी। 1970 में 25वें सीजन तक हर 2 साल के अंतराल पर होता रहा। 1979 में 9 साल के गैप के बाद इसका आयोजन हैदराबाद में हुआ। साल 1985 में काफी बड़े स्तर पर नई दिल्ली में नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया। इसे समर ओलिंपिक फॉर्मेट में आयोजित किया गया।

**नीरज चोपड़ा भी हिस्सा ले चुके हैं:** नीरज चोपड़ा, सानिया मिर्जा, मीराबाई चानू, साजन प्रकाश और मनु भाकर जैसे कई प्रमुख भारतीय एथलीटों ने नेशनल गेम्स में हिस्सा ले चुके हैं। नेशनल गेम्स भारत के इमर्जिंग प्लेयर्स को बड़े मंच पर पार्टिसिपेट करने का मौका देता है।



### पहली बार गोवा कर रहा मेजबानी

नेशनल गेम्स गोवा के पांच शहरों (मापुसा, मडगांव, पणजी, पोंडा और वास्को) में आयोजित किए जाएंगे। गोवा पहली बार नेशनल गेम्स की मेजबानी करेगा। वहीं, साइकिलिंग और गोल्फ के मुकाबले दिल्ली में होंगे। नेशनल गेम्स गोवा में कुल 47 इवेंट्स होंगे, जिसमें 10,000 से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। नेशनल गेम्स में भारत के विभिन्न राज्यों की टीम के अलावा इंडियन आर्म्ड फोर्सेज की स्पोर्ट्स टीम, सर्विसेज भी हिस्सा लेती है। सर्विसेज ने पिछले 4 नेशनल गेम्स जीते हैं। नेशनल गेम्स 2023 में कई नए खेलों जोड़ा गया है, जिनमें बीच फुटबॉल, रोल बॉल, गोल्फ, सेपकटकरा, स्के मार्शल आर्ट, कलियारापट्टू और पेंचक सिलाट शामिल हैं। वहीं, इस बार वॉलीबॉल को नेशनल गेम्स में जगह नहीं मिली हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# रजनीकांत बोले- गुरु के साथ काम करने पर दिल धड़क रहा है

रजनीकांत और अमिताभ बच्चन ने फिल्म थलाइवर 170 की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इंतजार करना लाजिमी भी है क्योंकि इस फिल्म के जरिए 33 साल बाद बिग बी के साथ रजनीकांत स्क्रीन शेयर करेंगे। इस बात की जानकारी रजनीकांत ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर दी। आखिरी बार दोनों को एक्शन-फैमिली ड्रामा फिल्म हम में नजर आए थे, जो 1991 में रिलीज हुई थी। बिग बी के साथ एक फोटो शेयर कर रजनीकांत ने लिखा- 33 साल बाद, मैं टीजे ज्ञानवेल के डायरेक्शन की अपकमिंग फिल्म थलाइवर 170 में अपने गुरू, श्री अमिताभ बच्चन के साथ फिर से काम कर रहा हूं। मेरा दिल खुशी से धड़क रहा है। बिग बी और रजनीकांत पहली बार फिल्म अंधा कानून में एक साथ दिखे थे, जो 1983 में रिलीज हुई थी। इसके बाद दोनों साथ में 1985 की गिरफ्तार और 1991 की हम में नजर आए थे। फिल्म हम उस साल की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों में से एक थी।



फिल्म 'राजा हिन्दुस्तानी' की चर्चा

# जब धर्मेश के कहने पर आमिर ने पकड़े करिश्मा कपूर के बाल

साल 1996 की सुपरहिट फिल्म राजा हिंदुस्तानी मे एक सीन था, जिसमें आमिर, करिश्मा के बालों को जोर से खींचते हैं। इस सीन को फिल्माने के लिए आमिर शुरुआत में झिझक रहे थे। उन्हें करिश्मा के साथ ऐसा करना सही नहीं लग रहा था। फिल्म के डायरेक्टर धर्मेश दर्शन को भी आमिर की बात सही लगी। उन्होंने सीन को बदलने का फैसला किया। तभी करिश्मा ने कहा कि आप आराम से इस सीन को पूरा कर सकते हैं। इसमें उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। करिश्मा ने कहा कि उनके दादा राज कपूर फिल्मों और रियल लाइफ में ऐसा कर चुके हैं। इसलिए उन्हें ऐसे सीन करने में कोई दिक्कत नहीं है। इसके बाद धर्मेश ने आमिर को इस सीन के लिए राजी कर लिया। लहरें से बात करते हुए डायरेक्टर धर्मेश दर्शन ने कहा- हम लोग तेरे इश्क में नाचेंगे गाने की शूटिंग कर रहे थे। मैंने आमिर से कहा कि आपको करिश्मा के बालों को गुस्से में खींचना होगा। आमिर थोड़ा असहज हो गए। उन्होंने कहा कि क्या हम बालों की जगह हाथों का यूज नहीं कर सकते। मुझे भी लगा कि हम लोग थोड़ा ओवर जा रहे हैं। मैंने कहा ठीक है फिर ऐसे ही करेंगे।



# रणबीर बोले 'निगेटिविटी जरूरी है, इससे बैलेंस बना रहता है'

रणबीर कपूर की पत्नी आलिया भट्ट ने कुछ महीनों पहले दिए एक इंटरव्यू में उनको लेकर एक बयान दिया था। आलिया ने कहा था कि रणबीर को उनका लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है और वो उनसे इसे पोंछने के लिए कहते हैं। इस कमेंट के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर रणबीर को खूब ट्रोल किया गया था। कई यूजर्स ने तो रणबीर को टॉक्सिक पार्टनर तक करार दिया था।



**'मैं खुद को एक एक्टर के तौर पर ही साबित कर सकता हूं'**

अब रणबीर ने इस मामले पर पहली बार अपनी राय रखी है। फैंस के साथ हुए एक लाइव इंट्रैक्शन में रणबीर ने सोशल मीडिया पर निगेटिविटी फेस करने पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं सोशल मीडिया पर उतना एक्टिव नहीं हूं तो मुझे इन सब चीजों का सामना करने की जरूरत नहीं प?ती। पर मैं महसूस करता हूं कि निगेटिविटी बहुत जरूरी है, खासतौर पर तब जब आप एक आर्टिस्ट हो। आपकी लाइफ में हर चीज होनी चाहिए ताकि बैलेंस बना रहे।' रणबीर ने आगे कहा, 'आप जानते हैं कि एक एक्टर होने के चलते आपके बारे में बहुत सारी बातें लिखी जाती हैं। बहुत सारी राय बनाई जाती हैं जो जरूरी नहीं कि सच हों। हालांकि, अगर आप इसे जरा सा भी सच मानते हैं तो वो मैं नहीं हूं। दरअसल, यह मेरी वो इमेज है जो मेरे किरदारों या फिल्मों या फिर मीडिया द्वारा बनाई गई है।'रणबीर ने आगे समझाया, 'यह इमेज पब्लिक ने बनाई है। उन लोगों ने जो मेरे काम को पसंद करते हैं या मेरे काम को नापसंद करते हैं और उन्हें मेरे बारे में कुछ भी कहने की अनुमति है जब तक वे मेरे काम को मौका देते हैं। मैं भी उन्हें एक एक्टर के तौर पर ही साबित कर सकता हूं और मेरा फोकस हमेशा वहीं रहता है।' इससे पहले एक इंटरव्यू में आलिया ने कहा था, 'रणबीर को मेरा लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। जब वो मेरे पति नहीं सिर्फ बॉयफ्रेंड ही थे तब भी वो इसे पोंछने के लिए कहते रहते थे क्योंकि उन्हें मेरे लिप्स का नेचुरल कलर पसंद है।'

# पातालकोट ट्रेन में सफर कर रहे व्यापारी से 12.88 लाख की 19 किलोग्राम चांदी बरामद

## इटारसी स्टेशन पर चैकिंग के दौरान यात्री से बरामद हुए 6 लाख रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी विधानसभा चुनाव के जीआरपी और आरपीएफ द्वारा रेलवे स्टेशनों तथा चलती ट्रेनों में सघन चैकिंग कराई जा रही है। चैकिंग के दौरान आमला रेलवे स्टेशन पर पातालकोट एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक व्यापारी और उसके दो सहयोगियों के पास से 12.88 लाख रुपये कीमत की 19 किलोग्राम चांदी बरामद हुई है। इसी प्रकार इटारसी रेलवे स्टेशन पर चैकिंग के दौरान एक यात्री के पास से 6 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। दोनों की मामलों में जेवरात और रुपयों का बिल नहीं होने के कारण जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसकी सूचना चुनाव आयोग और आयकर विभाग को दे दी गई है।

पुलिस अधीक्षक रेल हितेश चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग निर्देश पर अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे नकद रुपयों, जेवरातों और मादक पदार्थों की जांच के लिए सभी रेलवे स्टेशनों और चलती ट्रेनों में चैकिंग करवाई जा रही है। बुधवार को आमला जीआरपी को पाताल कोट एक्सप्रेस के कोच-बी-1 में सफर कर रहे तीन संदिग्ध लोग मिले। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मनोज कुमार वर्मा, प्रवेश कुमार और अखिलेश कुमार तीनों निवासी आगरा उत्तर प्रदेश बताए। उनके पास मौजूद बैग के सामान के बारे में पूछताछ की तो वह आनाकानी करने लगे। करीब बीस किलोग्राम वजनी बैग को जब खोलकर देखा गया तो उसके अंदर चांदी के जेवरात रखे मिले। पूछताछ में मनोज कुमार ने बताया कि वह चांदी का व्यापारी है और उक्त माल लेकर छिंदवाड़ा जा रहा था। उसे छिंदवाड़ा में फुटकर में उक्त माल व्यापारियों को देना था। जीआरपी ने मनोज से जब जेवरातों का बिल मांगा तो वह नहीं दे पाया। इसके बाद मनोज और उसके साथियों को थाने लाया गया। जेवरातों का बिल नहीं होने के कारण जीआरपी ने पूरा माल जब्त कर लिया। इसकी जानकारी जीएसटी अधिकारी और आयकर विभाग के साथ ही चुनाव आयोग को दी गई है।

### फुट ओवरब्रिज पर इंदौर निवासी से मिली नगदी

जीआरपी की दूसरी टीम ने इटारसी रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर एक यात्री से 6 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि चैकिंग के दौरान पुराने फुट ओवर ब्रिज पर एक व्यक्ति संदेहजनक स्थिति में मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेंद्र माकीजा (38) निवासी पलीसकर कालोनी, माणिकबाग इंदौर बताया। उसके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर अंदर 6 लाख रुपये नकद रखे मिले। पूछताछ करने पर जितेंद्र उक्त रकम के सोर्स की जानकारी नहीं दे पाया, इसलिए जीआरपी ने उन्हें जब्त कर लिया। इसकी जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है।


फाइल फोटो

## मिक्सर लोडिंग वाहन की टक्कर से पलटी कार, 11 मील के पास हादसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील पर आर्यन ढाबा के सामने तेज रफ्तार मिक्सर लोडिंग वाहन ने स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलट गई। हालांकि कार में बैठे कांट्रेक्टर को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद लोडिंग वाहन का चालक कुछ देर




के लिए रुका फिर अपना वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने कांट्रेक्टर की शिकायत पर लोडिंग वाहन चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार श्याम सुन्दर राय पिता मूंगाराम राय (59) तीसरा तल, अशोका स्टेट मल्टी,अप्सरा टाकीज के पास ऐशबाग में रहते हैं और कन्स्ट्रक्सन का काम करते हैं। बुधवार दोपहर वह अपने घर से नरसिंहपुर जाने के लिए स्विफ्ट डिजायर कार से निकले थे। दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास वे 11 मील पहुंचे। वहां सत्यम शोरूम के सामने आर्यन ढाबा के पास वे कार से पहुंचे ही थे कि मिक्ट्रसर लोडिंग ट्रक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक ओवर ट्रेक करते समय उनकी कार में बांई तरफ से टक्रर मार दी। टक्कर लगने से कार असंतुलित होकर पलट गई। ट्रक वाला कुछ देर वहां रुका और फिर भाग निकला।

### बच्चियों के अपहरण का मामला, सभी आरोपी कोर्ट में पेश, ली चार दिन की रिमांड

# बच्चियां बोली- मां के पास जाने के लिए रोते थे तो खाना खिलाकर करा देते थे चुप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोतवाली स्थित कर्फ्यू वाले मंदिर के सामने से दो मासूम बहनों का अपहरण करने वाले आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को चार दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में आरोपियों से और भी अपहरण की घटनाएं सामने आ सकती है। अभी तक चार मासूमों को कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम रेस्क्यू कर चुकी है। इधर अपहरण के बाद घर पहुंची आठ साल की बच्ची ने माता पिता को बताया कि जब भी वह घर मां के पास जाने के लिए रोती थी उन्हें खाना खिलाकर चुप करा दिया जाता था।**





उल्लेखनीय है कि रतलाम निवासी मुकेश आदिवासी की आठ साल की बेटी काजल और 11 महीने की बेटी दीपावली को कर्फ्यू वाली माता मंदिर के सामने से शनिवार सुबह दो महिलाओं ने अगुआ कर लिया था। दोनों महिलाएं कन्या भोज कराने के कहकर उन्हें ले गई थी। बच्चियों की अपहरण की जानकारी पुलिस को लगी तो पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। करीब दो सौ सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के बाद टीम ने कोलार स्थित इंग्लिश विला कॉलोनी से दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर लिया था। उक्त मामले में पुलिस ने मकान में रहने वाली हरियाणा निवासी 32 वर्षीय अर्चना सिंह उसका लिवइन पार्टनर निशांत , उसका बेटा सूरज और उसकी महिला मित्र मुस्कान बानों को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ अपहरण, मारपीट, मानव तस्करी, बंधक बनाना समेत जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इसमें अर्चना की नाबालिग बेटी भी उक्त मामले में आरोपी बनाया गया है। बुधवार को पुलिस रिमांड मिलने के बाद उनको निशातपुरा और कोलार के घर पर ले जाया गया। वहां पर उनसे पुलिस ने भोपाल आने का कारण जाना। इसके अलावा उनसे अन्य पहलुओं पर पूछताछ की है।

### डॉक्टर के बारे में नहीं बता सकी पुलिस

कोर्ट में पेश करने से पूर्व गिरोह के साथ एक लेडी डॉक्टर का नाम भी सामने आया था। यह बात पता चली थी कि गिरोह डॉक्टर के कहने पर अपहरण कर बच्चे बेच रहा था। हालांकि पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान पूछताछ की जाएगी। पूछताछ में और भी आरोपियों के नाम सामने आ सकती है।

### अपोलो अस्पताल से किया था एंजिल का अपहरण

पुलिस की पूछताछ में यह बात भी सामने आई अन्य दो बच्चियों में तीन महीने की एंजिल और ढाई साल की अकीरो का अपहरण किया गया था। इन दोनों ही बच्चियों को पुलिस ने आरोपियों की चंगुल से छुड़ा लिया है। अपहरण की गई एंजिल का गाजियाबाद के अपोलो अस्पताल से अपहरण किया गया था। अकीरो के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस की पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि अर्चना का दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, नोएडा, चंडीगढ़ में अपना समय बिताती थी और उसका एनसीआर में अनाथालय चलाने वाले लोगों से संपर्क था। इस मामले में कई बार वह लोगों से उसका मिलना-जुलना होता था तो वह उनको अनाथालय की संचालिका बनकर मिलती थी। मुंह मांगे रुपए में बच्चे उपलब्ध करवाती थी। पूछताछ में साउथ दिल्ली के रहने वाले एक सिख दंपती से अर्चना की मुलाकात हुई थी, उसे दो बच्चे चाहिए थे, उनको वह देने वाली थी। कोर्ट में पेश होने के बाद अर्चना ने एक बार फिर पुलिस पर सवाल उठा दिए। उनका कहना है कि एंजिल और अकीरो उनके बच्ची हैं।

## शातिर बदमाश से चोरी का ई-रिक्शा और बाइक बरामद

**भोपाल।** टीला जमालपुरा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का ई-रिक्शा और एक बाइक बरामद की है। बरामद हुए वाहनों की कीमत करीब सवा दो लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि दस दिन पहले इलाके से ई-रिक्शा चोरी करने वाला संदेही युवक टीला जमालपुरा स्थित मस्जिद के पास देखा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम युवराज उर्फ राजा मांझी (32) निवासी पुतलीघर टीला जमालपुरा बताया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी का ई-रिक्शा और बाइक बरामद की गई है।

### छोला मंदिर के पास हुआ हादसा

## सड़क पार कर रहे एमबीबीएस छात्र को बाइक ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर स्थित तिरुपति अभिनव होम्स के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल सड़क क्रास कर रहे एमबीबीएस छात्र को टक्कर मार दी, जिससे छात्र गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में टक्कर मारने वाले बाइक चालक को भी चोट आई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ऋषभ पुरोहित (21) आदर्श नगर, होशंगबाद रोड पर रहता है और भानपुर स्थित एक निजी कालेज से एमबीबीएस की पड़ाई कर रहा है। मंगलवार शाम करीब सवा सात बजे वह तिरुपति अभिनव होम्स से अपने घर जा रहा था। चाबी छूटने पर वह चाबी लेने के लिए वापस लौटा तो सड़क क्रास करते समय जिंदल अस्पताल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऋषभ सड़क पर गिर पड़ा जिससे उसे गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। इस हादसे में टक्कर मारने वाले बाइक चालक देवराज को भी चोट आई है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## यूपी से आए युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भोपाल।** रेलवे ट्रैक पर सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास मिले टूटे हुए मोबाइल और पर्स में मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई है। मृतक पंजाब में काम करता था। यहां सांई बोर्ड हबीबगंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर आया था। पुलिस के अनुसार अजय निशाद पिता ब्रजमोहन निशाद मूलत~ देवलिया जिला, उत्तर प्रदेश का था। वह पंजाब में प्राइवेट काम करता था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। यहां सांईबोर्ड, हबीबगंज में उसके रिश्तेदार रहते हैं। मंगलवार सुबह ही वह उत्तर प्रदेश से सांईबोर्ड रिश्तेदार के घर आया था। दोपहर को ही वह कहने लगा कि उसे उत्तर प्रदेश लौटना है। इसके बाद वह घर से निकल गया। अजय निशाद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण रात में अजय के रिश्तेदार हबीबगंज थाने पहुंचे थे और उसकी गुमशुदगी लिखानी चाही। पुलिस ने कहा कि सुबह तक देख लो। सुबह पता चला कि उसकी लाश बावड़िया फाटक पर रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में पड़ी हुई है।

## पत्नी के सामने कमरे में घुसे पति ने लगा ली फांसी, पत्नी करती रही इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नाराज चल रहा पति अपने पत्नी के सामने कमरे में घुसा और दरवाजा बंद कर लिया। वह फांसी पर झूल गया और उसकी मौत भी हो गई लेकिन पत्नी कुछ नहीं कर पाई। जब पति सुबह तक कमरे से बाहर नहीं आया तब पत्नी को होश आया, उसने देखा तो पति फांस के फंदे पर लटका हुआ था। घटना मंगलवार रात बागसेवनिया थाना क्षेत्र की है। अब पुलिस दावा कर रही है कि विकास मेहर (30) मूलतः रायसेन का रहने वाला था। वह पत्नी के साथ दीक्षा नगर में रह रहा था और मजदूरी करता था। उसका एक बेटा है, जो दादा-दादी के पास रहता है। पुलिस का दावा है कि मंगलवार रात विकास नशे की हालत में घर पहुंचा तो पत्नी ने उसे झांकी दिखाने लेकर चलने का बोला। वह पत्नी को कुछ दूर तक लेकर गया और वापस लौट आया। घर के अंदर पहुंचने के बाद उसने दरवाजा बंद कर लिया, जबकि बाहर खड़ी पत्नी आवाज देती रही। पत्नी को लगा कि वह नशे में है इसलिए सुबह तक इंतजार किया। तब तक वह जीवन लीला समाप्त कर चुका था।

## महिला का खोया पर्स पुलिस ने तलाश कर लौटाया

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने एक महिला का रास्ते में खोया हुआ पर्स तलाश कर उसे वापस लौटाया। पर्स में जेवरात और नकदी समेत करीब 50 हजार का सामान था। पुलिस के मुताबिक एक महिला शानू सारवान ने थाने पहुंचकर बताया कि वह पटेल नगर रायसेन रोड स्थित अपने घर से पुराने शहर में रहने वाली मां के घर जाने के लिए निकली थी। पुल बोगदा से वह एक आटो में सवार हुई थी, तभी पुल पातरा के पास उसका पर्स कहीं गिर गया। पर्स में सोने का मंगलसूत्र, बाली और नकदी रुपये रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही दिवस अधिकारी एएसआई रामभरोस हमराह स्टाफ चार्ली पर तैनात आरक्षक अजय वेद और योगेंद्र सिंह को लेकर महिला के बताए स्थान पर पहुंचे और पर्स की तलाश शुरू की। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के करीब एक घंटे बाद उक्त पर्स को तलाश लिया और महिला शानू सारवान के सुपुर्द किया।

**मेट्रो एंकर** | मजदूरों से पूले लेकर ट्रॉली में ऊपर जमाते समय हुआ हादसा

# खेत में खड़ी ट्रॉली में धान भर रहे किसान का हाथ बिजली तार से टकराया, करंट से मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खेत में काम कर रहे एक किसान को करंट लग गया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। करंट ट्राली में धान भरते समय लगा।

खजूरीसड़क थाने से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मुगालिया छाप निवासी 47 वर्षीय बालकिशन पाटीदार किसान थे। हाल ही में उनके खेत में धान की फसल की कटाई हुई थी। बुधवार दोपहर वह ट्रैक्टर ट्राली में धान भर रहे थे। वह मजदूरों से पूले लेकर ट्राली में ऊपर जमा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब 12.40 बजे उनका हाथ ट्राली के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से छू गया। करंट लगने से वह बेसुध हो गए। परिजन उपचार कराने के लिए उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर पलटने और करंट लगने से दो युवकों की मौत


फाइल फोटो

गुनगा इलाके में ट्रैक्टर पलटने और खजूरी सड़क में करंट लगने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जसपाल यादव (35) ग्राम बर्री बगराज थाना गुनगा में रहता था और खेती किसानी करता था। ट्रैक्टर पलटने से वह दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022